हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 4 अप्रैल 2026




# ठगी के लिए कॉल सेंटर के नाम पर रखी लड़कियां, हिंदी भाषी राज्य के लोगों को फंसाया

## पैकेज के हिसाब से शादी के लिए भेजते थे लड़कियों की तस्वीरें, 60 साल तक के बुजुर्गों को ठगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मैरिज ब्यूरो के नाम पर देशभर में ठगी करने वाले गिरोह के फर्दाफाश होने के बाद उनसे जुड़ी जानकारी लगातार सामने आ रही है। बताया गया कि ठगी के लिए संचालित इस मैरिज ब्यूरो संचालकों द्वारा कॉल सेंटर के नाम पर ठगी के लिए लड़कियों को काम पर रखा जाता था।

इन लड़कियों से हिंदी भाषा राज्यों के लोगों को फोन के माध्यम से शादी का झूठा प्रपोजल देकर जाल में फंसाया जाता था। ऐसे राज्यों को टारगेट किया जाता था, जहां हिंदी भाषा का उपयोग अधिक होता है। बताया गया कि ठगी के शिकार होने वाले लोगों में 22 साल से लेकर 60 साल तक की उम्र के लोग शामिल थे। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार टीम अब इस मामले में और अधिक जानकारी जुटाने की कोशिश में लगी हुई है। बताया गया कि आरोपियों के बैंक स्टेटमेंट निकाली जा रही है। जिससे यह पता लगाया जा सके कि इन लोगों ने कितने लोगों से कितने रुपए की ठगी की है। मिली जानकारी के अनुसार गिरोह पिछले दो सालों से मैरिज ब्यूरो के नाम पर यह फ्रॉड कर रहा था। इस दौरान दर्जनों लोगों से ठगी की गई। ठगी के लिए पूरी प्रक्रिया तय की गई थी। जिसमें पहले लोगों को मैरिज ब्यूरो की वेबसाइट पर आईडी बनाने के बाद उन्हें लड़कियों की फोटो भेजी जाती थी, जिन लोगों द्वारा दिलचस्पी दिखाई जाती थी, उनको ठगी के जाल में फंसाने का काम किया जाता था।

### पैकेज के अनुसार सुविधाएं

बताया गया कि मैरिज ब्यूरो में बकायदा पैकेज तय किए गए थे। जिसमें गोल्डन पैकेज के लिए 50 हजार और प्लेटिनम पैकेज के लिए 75 हजार रुपए की रकम तय थी। इसके अलावा रजिस्ट्रेशन, प्रोफाइल वेरिफिकेशन, ई-केवाईसी के नाम पर भी चार्ज लिए जाते थे। इसके अलावा लड़कियों की तस्वीरे पसंद आने के बाद उनसे मीटिंग फिक्स कराने और मुलाकात के लिए रेस्टोरेंट में बुकिंग के नाम पर भी पैसे लिए जाते थे।



### बनाए थे फर्जी रिश्तेदार

मैरिज ब्यूरों में पहले लड़कियों की तस्वीरें भेजने के लिए, लड़कों से पैसे ऐंठने के लिए, लड़कियों के फर्जी रिश्तेदार बनाकर भी बात कराया करते थे। हालांकि कभी भी लड़कियों से लड़कों को मिलाया नहीं जाता था। लड़कों को लड़कियों की लोकेशन भी उनके आसपास के शहरों की ही बताई जाती थी। जिससे वह दिलचस्पी लेकर रिश्ते के लिए आगे बढ़े।

### पंद्रह लड़कियों का था स्टॉफ

मैरिज ब्यूरो में कॉल कर लोगों से बात करने के लिए लगभग 15 लड़किया रखी गई थी। इन लड़कियों को रखने से पहले बकायदा उनका इंटरव्यू लिया जाता था। बताया गया कि महीने के पांच हजार रुपए वेतन और बाकी उन्हें कस्टमर के अनुसार हिस्सा दिया जाता था। ऐसी लड़कियों को काम पर रखा जाता था, जो आर्थिक रूप से कमजोर हो। जिससे उन्हें पैसे का लालच देकर यह ठगी का काम कराया जा सके।

---

### सात दुकानें खुलने के बाद 26 हो जाएगी संख्या

# पिछले तीन सालों में 3 शराब दुकानें खुलीं, सात और खोलने की तैयारी

## विभाग ने प्रस्ताव बनाकर प्रदेश शासन को भेजा, अनुमति का इंतजार!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिले में शराब की सरकारी दुकानों की संख्या आने वाले दिनों में बढ़ सकती है, जहां पिछले तीन सालों के दौरान जिले में तीन नई शराब दुकानें खोली गई। अब आने वाले इस वित्तीय वर्ष में सात नई दुकानें और खोलने की तैयारी की जा रही है। जिसके बाद जिले में शराब दुकानों की संख्या बढ़कर 26 के करीब पहुंच जाएगी। ज्ञात हो कि तीन साल पहले तक अविभाजित जिले में 28 दुकानें हुआ करती थी, अब अकेले राजनांदगांव में 26 दुकानें हो जाएगी। दुकानों की संख्या बढ़ने का सीधा असर शासन को मिलने वाले राजस्व पर देखने को मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि शराब के सरकारीकरण होने के बाद से ही जो भी राजनीतिक दल सत्ता से बाहर रहा, उसने शराब को लेकर सत्ताधारी दल को जरूर घेरा। भाजपा भी शराब को लेकर आक्रामक नजर आती रही और भाजपाइयों ने कांग्रेस शासनकाल के दौरान शराबबंदी की आवाज काफी उठायी। अब सत्ता में आने के बाद यही भाजपा सरकार राजनांदगांव जिले में नई शराब दुकानें खोलने से पीछे नहीं हट रही है। आलम यह है कि पिछले तीन सालों के दौरान ही जिले में पांच शराब दुकान खोलने को लेकर स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। वहीं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में एक नई दुकान को स्वीकृति मिली है।

अलग खबर

### लगातार विरोध भी

ऐसा भी नहीं है कि जिले में जब जब नई शराब दुकानें खुली हो तो विरोध ना हुआ हो। अंबेडकर चौक, नंदई चौक में जब प्रीमियम शराब दुकानें खुली तो जमकर विरोध देखने को मिला। हालांकि इसके बाद भी दुकानें संचालित की जा रही है। वहीं भाजपा नेताओं के संलिप्तता के भी आरोप विपक्ष ने इन मामलों में लगातार लगाए है।



फाईल फोटो

### सालभर में छह सौ करोड़ की बिकी शराब

विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते वित्तीय वर्ष के दौरान जिले में जमकर शराब बिक्री देखने को मिली है। बताया गया कि जिले की 19 शराब दुकानों में सालभर के दौरान छह सौ करोड़ रुपए की देशी-विदेशी शराब बेची गई है। जिसमें लगभग 360 करोड़ रुपए का राजस्व प्रदेश शासन को प्राप्त हुआ है। यह पिछले साल से लगभग 24 फीसदी अधिक था। ऐसे में दुकानों की संख्या बढ़ने से राजस्व भी बढ़ने की संभावना है।

### राजस्व बढ़ाने पर जोर दे रहा विभाग

मिली जानकारी के अनुसार जिले में आबकारी विभाग अपना राजस्व बढ़ाने के लिए नया प्लान तैयार कर रहा है। जिसमें पड़ोसी राज्यों से आने वाली शराब पर अंकुश लगाने के लिए टीमों को अलर्ट करने के साथ ही जिले में शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ कार्रवाई के लिए रणनीति बनाई जा रही है। ज्ञात हो कि पिछले वित्तीय वर्ष जिले में कुल 905 प्रकरण तैयार किए गए थे। इस साल भी कार्रवाई की जाएगी।

### तीन दुकानें खोलने निविदा जारी

ज्ञात हो कि जिले में तीन नई कम्पोजित सरकारी शराब दुकान खोले जाने के लिए निविदा भी जारी की जा चुकी है। इनमें घुमका, खुज्जी और चिचोला क्षेत्र शामिल है। जबकि इनमें घुमका में शराब दुकान खोले जाने का विरोध भी सामने आया था। इन तीन दुकानों के अलावा चार और अन्य दुकानों को खोलने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया है।

---

# आठ को सामान्य सभा, 9 अप्रैल को पेश होगा निगम का 'बजट'

## अपना दूसरा बजट पेश करेंगे महापौर मधुसूदन यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहरी सरकार ने अपने दूसरे बजट को लेकर तैयारियां पूरी कर ली है। आगामी 9 अप्रैल को शहर विकास को लेकर महापौर मधुसूदन यादव बजट पेश करने वाले हैं। इससे एक दिन पहले आठ अप्रैल को सामान्य सभा भी आहूत की गई है। जिसमें सड़क चौड़ीकरण, दो हजार सीटर आडिटोरियम निर्माण सहित कुल सात विषयों पर चर्चा की जाएगी।




मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक 8 अप्रैल को सुबह 11 बजे से नगर निगम के सभागृह में आहूत की गई है। बैठक में 7 विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जाएगा। विषयों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जाति प्रमाण पत्र, वार्ड नं. 14 स्थित रानी अवंतीबाई लोधी प्रतिमा स्थल के चौक का नामकरण अवंतीबाई चौक रखे जाने, निगम सीमाक्षेत्र स्थित जीर्ण-शीर्ण भवन को तोड़ने के तहत पुत्रीशाला भवन के क्षतिग्रस्त स्थल, गुडाखू लाइन आयुर्वेदिक औषधालय एवं पुराना बस स्टैंड के पुराना व क्षतिग्रस्त/जर्जर भाग को तोड़कर व्यावसायिक परिसर निर्माण किए जाने के साथ-साथ वार्ड नं. 29 रामनगर के जर्जर भवन को तोड़ने तथा निगम स्वामित्व की टाउन हॉल परिसर जीई रोड के किनारे एवं कस्तूरबा महिला मंडल रोड की क्षतिग्रस्त दुकानें तोड़कर व्यावसायिक परिसर निर्माण करने के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा। सामान्य सभा के दौरान मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजनांतर्गत 2000 सीटर आडिटोरियम निर्माण, गंज चौक से कन्हारपुरी परिवर्तित स्थल चिखली ओव्हरब्रिज के नीचे से गठुला नाला शहर सीमा तक सड़क चौडीकरण पर भी चर्चा की जाएगी।

### बजट को लेकर मांगे थे प्रस्ताव

बताया गया कि बजट बैठक में पुनरीक्षित आय-व्यय वर्ष 2025-26 एवं प्रस्तावित आय-व्यय बजट वित्तीय वर्ष 2026-27 के स्वीकृति के संबंध में विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जाएगा। इससे पहले ही महापौर मधुसूदन यादव ने अपने पार्षदों से बजट को लेकर सुझाव एवं प्रस्ताव मांगे थे। जिनमें से कई प्रस्ताव को बजट में शामिल भी किया गया है।

### पानी का मुद्दा उठाएगा विपक्ष

शहर में पानी की दिक्कतों को लेकर विपक्ष सामान्य सभा के दौरान सत्ताधारी दल को घेरता हुआ नजर आएगा। मिली जानकारी के अनुसार दो सौ करोड़ रुपए की अमृत मिशन योजना के बाद भी शहर को पानी नहीं मिलने जैसे मुद्दे को लेकर सवाल पूछे जा सकते हैं। इसके अलावा मोहारा स्थित वाटर प्लांट में उपयोग होने वाले एलम को लेकर आ रही शिकायतों को लेकर भी विपक्ष हमलावर नजर आएगा।

---

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन सट्टा, 2 पकड़ाए

**राजनांदगांव।** मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन सट्टा खिलाने की सूचना पर पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार 3 अप्रैल को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि खैरागढ़ क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा मोबाइल के माध्यम से सट्टा-पट्टी लिखकर ऑनलाइन हार-जीत का जुआ खेल संचालित किया जा रहा है। प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते खैरागढ़ पुलिस टीम द्वारा बिहारी होटल दाऊचौरा के पास घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की गई। रेड के दौरान आरोपियों को सट्टा-पट्टी लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। पुलिस के मुताबिक आरोपी कमलेश साहू दाऊचौरा व किशन सारथी दाऊचौरा खैरागढ़ के कब्जे से 2 नग मोबाइल, 1000 रुपए नगद एवं सट्टा-पट्टी जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 6 एवं 7 के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

---

# एफआईआर वापस लेने के लिए धमकाने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गांव में उपद्रव कर शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने अनावेदक के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार खैरागढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दिलीपपुर के आवेदक द्वारा अनावेदक मनी वर्मा द्वारा गांव में उपद्रव कर शांतिभंग करने के संबंध में थाना खैरागढ़ में शिकायत प्रस्तुत की गई थी। मनी वर्मा के विरुद्ध प्रकरण की जांच के दौरान यह पाया गया कि आरोपी चुरावन उर्फ मनी वर्मा 22 वर्ष निवासी दिलीपपुर थाना खैरागढ़ द्वारा आवेदिका को रिपोर्ट वापस लेने हेतु धमकी दी गई एवं सार्वजनिक स्थान पर विवाद कर मारपीट करने पर उतारू हो गया।

**जेल भेजा गया आरोपी:** मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस द्वारा आरोपी को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते इस्तगाशा धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत तैयार कर एसडीएम खैरागढ़ के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय द्वारा जेल भेजा गया।

---

# नहाने गया बालक तालाब में डूबा, मौत से शोक में परिजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के ग्रामीण वार्ड कन्हारपुरी में तालाब में नहाने के लिए गया वार्ड का बालक अचानक पानी में डूब गया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। इस घटना से वार्ड में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्रामीण वार्ड कन्हारपुरी में शंकर भवन चौक के पास का निवासी मयंक कुमार साहू उम्र लगभग 21 वर्ष आज वार्ड गौठान के पीछे के तालाब में नहाने के लिए गया हुआ था। बताया गया कि इस दौरान अचानक वह तालाब के पानी में डूब गया। इस घटना की खबर गांव के लोगों को जैसे ही मिली सनसनी फैल गई थी। बालक को मशक्कत बाद पानी से बाहर निकाला गया। इस घटना में बालक की मौत हो गई। इस दुखद घटना से गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया।

बताया गया कि बालक के डूबने की जानकारी मिलते ही परिजन तत्काल मौके पर पहुंच गए थे। जिन्होंने ही बालत को तालाब से बाहर निकाला, ज्ञात हो पिछले कुछ दिनों में ऐसी यह दूसरी घटना थी।

---

## तीन दिवसीय आयोजन, प्रभु यीशु के बलिदान को किया याद

# गुड फ्राइडे पर विशेष प्रार्थना सभा, निकली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



गुड फ्राइडे के अवसर पर मसीह समाज द्वारा शहर के वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च में तीन दिवसीय विभिन्न धार्मिक आयोजन किए गए। इस आयोजन अवसर पर प्रभु यीशु मसीह द्वारा लोगों को उनके पापो से छुटकारा दिलाने दिए गए उनके बलिदान को याद किया गया।

मानव कल्याण के लिए लोगों को उनके पापों से मुक्ति दिलाने प्रभु यीशु मसीह द्वारा अपना पवित्र लहू देने के लिए कलवारी के क्रूस पर बलिदान दिया गया। इस दिन को ईसाई समाज में गुड फ्राइडे के रूप में मनाया जाता है। यह ईसाई धर्म का एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिन माना जाता है, जिसे पूरी दुनिया में श्रद्धा और शांति के साथ मनाते हुए प्रभु यीशु मसीह के बलिदान को याद किया जाता है। ईसाई समाज में यह दिन बाकी त्यौहारों की तरह खुशियों वाला नहीं होता, बल्कि यह दिन गंभीरता, प्रार्थना और आत्म चिंतन का होता है। इस दिन लोग अपने पापों के लिए क्षमा मांगते हैं और प्रभु यीशु के त्याग को याद करते हैं।

### जनकल्याण के लिए मानव रूप में आए

शहर के वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च में गुड फ्राइडे के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मध्यप्रदेश के कटनी जिले से विशेष प्रार्थना सभा के लिए पहुंचे मुख्य प्रवक्ता पादरी रेव्ह. अरिएल एलिएजेर ने इस दिन के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि हमारे लिए प्रभु यीशु मसीह दुनिया में मानव रूप में आए और समस्त मानव जाति के कल्याण के लिए उन्होंने अपने प्राण दिए, ताकि हमें आसानी से अपने पापों से छुटकारा और क्षमा मिल सके। वहीं समाज के प्रमुख और वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च के अध्यक्ष रेव्ह. डॉ. सुमन लाल ने कहा कि लोगों के पापों की क्षमा के लिए प्रभु यीशु मसीह ने इस पृथ्वी पर मानव रूप में जन्म लिया।

### तीन दिन बाद ईस्टर पर्व

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मानव जाति के कल्याण और क्षमा के लिए कलवार की क्रूस पर बलिदान देने के बाद प्रभु यीशु मसीह तीन दिन बाद ईस्टर पर पुनर्जीवित हो गए। गुड फ्राइडे के अवसर पर स्थानीय चर्च में इस दिन को याद करते समाज के लोगों ने मसीही गीत भी गाए। वहीं चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई और समाज के लोगों ने उपवास रखते पूरा दिन सादगी से बिताया।

### शहर में निकली रैली

क्रूस पर यीशु मसीह के बलिदान की याद में शोक और प्रार्थना के गीतों के साथ शहर में रैली निकाली गई। कौरिनभाठा इंद्रपुरी क्षेत्र के जेएमजे स्कूल चर्च से निकली इस रैली में मसीह समाज के लोग प्रभु यीशु मसीह की याद में क्रूस थामे हुए चल रहे। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होकर वाईडनर स्कूल चर्च में पहुंचकर संपन्न हुई।




## खबर संक्षेप

### जंगल में अवैध कटाई की शिकायत

**डोंगरगढ़।** बागनदी रेंज अंतर्गत आने वाले सडक चिरचारी जंगल से अवैध कटाई और इमारती लकडियों की निकासी भी होने की जानकारी मिली है। विभागीय कूप कटाई की आड़ में कई कूपों की कटाई बिना अनुमति के कर दी गई है। बांस के अलावा कई प्रजाति की लकड़ियों की कटाई कर चिरचारी डिपो, अछोली काष्ठगार में रखा गया है। वकिंग प्लान के नाम पर जंगल में अवैध रूप से कटाई किया जा रहा है। हाल में चिरचारी डिपो से 5 लाख की लकड़ियां बेच दिया गया है।जानकारी के अनुसार चिरचारी डिपो सहित अछोली काष्ठागार में नीलामी के दौरान अवैध रूप से लाई गई लकड़ियों को सप्लाई करने की खबर है। नीलामी में ठेकेदारों को उनकी मर्जी से लाट बेचने की जानकारी मिली है। अधिक कीमत वाले लाटों को चेनल बनाकर कम कीमत बेचा जा रहा है जिससे शासन को नुकसान हो रहा है।

### मारूति महायज्ञ सात तक

**डोंगरगांव।** ग्राम साकरीपार में आगामी 7 अप्रैल तक मारूति महायज्ञ और



हनुमान कथा का आयोजन रखा गया है।। यह आयोजन पंडित तेजेश्वरानंद महराज एवं तिलेन्द महाराज राका के सानिध्य में हो रहा है। मंडल भाजपा के उपाध्यक्ष कुलेश्वर निषाद ने बताया कि श्री हनुमंत सेवा संस्थान, माँ बम्लेश्वरी धाम का उद्देश्य गरीब बेटियों का सामूहिक विवाह, गौ माता सेवा हॉस्पिटल का संचालन, असहायों की मदद, समाज कल्याण के लिए लोगों को जागरूक करना है।

### निषाद समाज की बैठक 5 को

**राजनांदगांव।** जिला निषाद समाज राजनांदगांव की मासिक बैठक 5 अप्रैल को सामाजिक भवन कौरिनभांठा में आयोजित की गई है। समाज के जिला मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद ने बताया कि बैठक में सामाजिक गतिविधियों के साथ विवाह के पहले लड़का-लड़की को बातचीत करने पर प्रतिबंध लगाने पर चर्चा किया जाएगा। जिलाध्यक्ष द्रुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर लाल निषाद, महासचिव टीकम निषाद, उपाध्यक्ष लोकेश निषाद, उपाध्यक्ष सुशीला निषाद, मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन निषाद, संगठन सचिव मौजी राम निषाद ने बैठक में सभी से शामिल होने की अपील की है।

### बच्चों को बनाए संस्कारवानः गिरवर

**डोंगरगढ़।** परिक्षेत्रीय साहू समाज पटपर के तत्वावधान में कर्मा जयंती



मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूवात आरती एवं पूजा अर्चना से हुई। मुख्य अतिथि तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू, विशिष्ट अतिथि कमलेश साहू, रामाधीन साहू, उमा साहू, मंडल अध्यक्ष रोहित साहू थे। स्वागत के बाद अध्यक्ष कोमल साहू ने स्वागत भाषण दिया। तहसील साहू संघ के अध्यक्ष गिरवर साहू ने इस मौके पर कहा कि भक्त माँ कर्मा की जीवनी से जीवन जीने की कला सीखने मिलती है। उन्होंने भक्ति के मार्ग पर चल कर तेली समाज को एक पहचान दी। उन्होंने कर्मा के जीवन से प्रेरणा लेकर बच्चों को संस्कारवान बनाने पर जोर दिया।

### भगवा रंग वीरता का प्रतीक

**छुरिया।** ग्राम गर्रापार में ग्रामवासियों के सहयोग से बजरंग युवा समिति ने



हनुमान जयंती धूमधाम से मनाया। इस धार्मिक आयोजन में जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा, बालमुकुंद कुंजाम, नैनसिंह पटेल, चित्रांगन साहू, अजय साहू आदि शामिल हुए। इस मौके पर श्री सिन्हा ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए गौरव का दिन है। हनुमान जयंती के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा और भगवा ध्वज फहराने का यह कार्यक्रम हमारी आस्था, संस्कृति और एकता का प्रतीक है। इस अवसर पर ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### हवन कर लोगों ने मनाई जयंती

**खड़गांव।** ग्राम बाजार क्षेत्र के समीप हनुमान मंदिर में जयंती मनाया गया।



आयोजन के पहले मंदिर में लाइटिंग और साज सज्जा की गई। सुबह से भक्त हनुमान जयंती की तैयारी में जुट गए थे। इस दौरान क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ था। शाम को जोड़ों को साथ बैठाकर महाराज ने विधि-विधान से हवन पूजन कराया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। हवन पूजन में लक्की गुप्ता, रूपेश गुप्ता, संतराम नांदरे, अमन साहू, खिलेश साहू, खोरबाहरा निषाद, विजय जैन मित्तल, श्री चौधरी आदि शामिल हुए।

### भाविका मंडावी बनीं सब इंस्पेक्टर

**खड़गांव।** ग्राम की भाविका मंडावी सब इंस्पेक्टर के पद पर चयनित हुई



है। प्रारंभ से पढाई में तेज भाविका सिविल इंजीनियरिंग की तैयारी के दौरान पुलिस विभाग का फार्म भरा था। उनका पुलिस विभाग में एक साल पहले सलेक्शन हो गया था। उन्होंने चंद्रखुरी पुलिस एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के बाद सब इंस्पेक्टर के पद पर भाविका की नियुक्ति हो गई है। वह देश की सेवा करने के साथ माता-पिता का सपना पूरा करना चाहिती है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवारजनों सहित मित्रों श्रेय दिया है। छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विजय जैन मित्तल ने भाविका मंडावी को बधाई दी है।

## सज्जाक संभालेंगे मीडिया, झा प्रशासनिक महामंत्री नियुक्त

# जिला कांग्रेस कमेटी ने तय की महामंत्रियों की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

जिला कांग्रेस कमेटी की कार्यकारिणी गठन के बाद जिला अध्यक्ष कोमल दास साहू







ने प्रमुख पदाधिकारियों का कार्य विभाजन कर दिया है। नई टीम को जिम्मेदारियों के अनुरूप सक्रिय करने की दिशा में संगठन ने यह कदम उठाया है। जारी आदेश के अनुसार वरिष्ठ नेता पं. मिहिर झा को जिला कांग्रेस कमेटी को प्रशासनिक महामंत्री नियुक्त किया गया है। वहीं कांग्रेस नेता सज्जाक खान को मीडिया की जिम्मेदारी सौंपी गई है। भिज्ञेश यादव को संगठन महामंत्री का दायित्व संभालकर पार्टी की गतिविधियों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### युवाओं को मिला स्थान

जिला कांग्रेस कमेटी ने अपनी नई टीम के प्रवक्ताओं के नामों की भी घोषणा कर दी है। अधिवक्ता मनोज चौबे को मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। वहीं युवा नेता देवकांत यदु को भी प्रवक्ता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोशल मीडिया को मजबूत करने के उद्देश्य से विभिन्न क्षेत्रों से प्रवक्ताओं की नियुक्ति की गई है खैरागढ़ शहर के मनोहर सेन, गंडई शहर के सुखनंदन चतुर्वेदी तथा खैरागढ़ ग्रामीण के देवेंद्र तोड़े को सोशल मीडिया प्रभारी के रूप में प्रवक्ता बनाया गया है। बहरहाल नई जिम्मेदारियों के साथ जिला कांग्रेस कमेटी अपने विस्तार, गतिविधियों को तेज करने की तैयारी में है।

### संगठन को मजबूत करने की तैयारी

**डोंगरगढ़।** विधानसभा चुनाव में पराजय के बाद कांग्रेस अब संगठन को मजबूत करने के प्रयास में जुटी है। संगठन में छोटे से छोटे कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी दी जा रही है वहीं बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने का प्रयास शुरू किया गया है। उल्लेखनीय है कि ब्लाक में दो विधानसभा क्षेत्र आते हैं और दोनों जगह कांग्रेस के विधायक हैं। डोंगरगढ़ और डोंगरगांव में कांग्रेस का कब्जा होने के बाद भी कांग्रेस संगठन कमजोर है जिसका ही परिणाम है कि निकाय और पंचायतों में भाजपा कामयाब हो सकी है। जानकारी के अनुसार संगठन में कार्यकर्ताओं की अपेक्षित पूछ परख नहीं होने और गुटबाजी के चलते कार्यकर्ता दूर हुए हैं। उल्लेखनीय है कि स्थानीय कांग्रेस नेताओ ने हाल के महीनों नगर पालिका के एक दर्जन से अधिक मुददे को उठाते हुए आंदोलन किया था। उन्होंने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने के साथ निर्माण कार्य में अनियमितता, कमीशन खोरी का मसला उठाया था। वहीं अवैध शराब के कारोबार को लेकर आबकारी विभाग कार्यलय के खिलाफ प्रदर्शन किया। सड़क निर्माण में गड़बड़ी को सामने लाकर प्रशासन को घेरा था। तमाम कवायद के बाद भी कांग्रेस जनता के बीच पैठ नहीं बना पा रही है। बताया जा रहा है कि कांग्रेस के कुछ पदाधिकारी भाजपा से तालमेल कर रोटी सेकने में लगे है जिससे भी नुकसान हो रहा है।

# हास्पिटल में समय पर नहीं मिलते डॉक्टर्स



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरकारी अस्पताल में डॉक्टर, कर्मचारी और पर्याप्त सुविधा होने के बाद भी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ आम लोगों को नहीं मिल रहा है। शहर के स्वास्थ्य केन्द्र को अछोली शिफ्ट कर दिया गया है। यहां शासन से सुविधा मिल रही है और विभिन्न आयोजन के लिए राशि भी दी जा रही है किन्तु आयोजनों की आड़ में राशि का दुरूपयोग अधिक हो रहा है।

जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कर्मचारी और डॉक्टर निर्धारित समय में उपस्थित नही होते। सुबह 9 से 1 बजे तक एवं शाम 4 से 6 बजे तक ओपीडी का समय निर्धारित किया है किंतु मरीजो का पर्ची कटाने की दिक्कत होती है।

### राशि का दुरूपयोग

जानकारी के अनुसार फाईलेरिया, पल्स पोलियो सहित अन्य अभियानों की ट्रेनिंग के लिए आने वाली राशि का भी सही इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। जीवन दीप समिति में पदाधिकारियों की नियुक्ति होने के बाद अस्पताल की व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है।

इसके अलावा अस्पताल के कुछ कर्मचारी और डाक्टर निर्धारित समय पर नहीं पहुंचते। अस्पताल में पहुंचने वाले मरीजों के वाहन मुख्य गेट पर ही खड़ रहते है जिससे मरीजो को आने जाने में तकलीफ होती है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डोंगरगढ़ के शिक्षक हुए सम्मानित

**राजनांदगांव।** जिला स्तरीय विनोबा कार्यक्रम अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड में पोस्ट ऑफ द मंथ के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी डोंगरगढ़ श्रीनिवास मिश्रा, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोपी वर्मा एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बिरेन्द्र कौर गरचा की उपस्थिति में प्रीति बाला लाटिया, करण माधवानी, वर्षा अग्रवाल, पूनम रानी खुटे, तिकिर्ति चंद्रवंशी, कमलेश्वरी वर्मा, धनुषराम कंवर, संगीता देवांगन एवं सुमिता शर्मा को लाइब्रेरी बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिला प्रभारी विनोबा एप नरेन्द्र साहू ने बताया कि



ओपन लिंक फाउंडेशन द्वारा संचालित जिला स्तरीय विनोबा कार्यक्रम अंतर्गत प्रत्येक माह पोस्ट ऑफ द मंथ के माध्यम से शिक्षकों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिल रहा है। इसके माध्यम से शिक्षक अपने विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों एवं गतिविधि-आधारित अधिगम को प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विनोबा एप के माध्यम से शिक्षक अपनी शैक्षणिक गतिविधियों को साझा करते हैं। जिनमें से उत्कृष्ट पोस्ट का चयन कर शिक्षकों को प्रतिमाह पोस्ट ऑफ द मंथ से सम्मानित किया जाता है। इस पहल से शिक्षकों का उत्साहवर्धन होने के साथ ही एक-दूसरे से प्रेरणा लेकर अपने कार्य को और अधिक प्रभावी बना रहे हैं तथा प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के प्रयास को कर रहे हैं।

# भेजराटोला में कला मंच का लोकार्पण



**छुरिया।** ग्राम भेजराटोला में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव एवं कला मंच लोकार्पण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना, हनुमान चालीसा पाठ, हवन एवं आरती के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। मुख्य अतिथि विधायक भोलाराम साहू थे। उन्होंने मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद कला मंच का लोकार्पण किया।विधायक श्री साहू ने ग्रामवासियों की एकजुटता एवं सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलता हैं।इस दौरान प्रतिभा बालिका मानस मंडली पुर्रामटोला ने रामायण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस अवसर पर राजकुमारी सिन्हा, राजकुमार सिन्हा, मनोज सिन्हा, प्रताप सिंह घावड़े, मदन नेताम, रोशनी ठाकुर, जितेन्द्र मंडावी, सहदेव कुंजाम, जयंतीबाई मंडावी, निर्मलाबाई मंडावी, देवसिंग उइके, दशरथ कोर्राम, घसिया यादव, पूर्णिमा नेताम, पार्वती बाई आदि मौजूद थे।

# प्रेस क्लब भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़ भवन का जीर्णोद्धार के बाद लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि पा लि का अध्यक्ष रमन डोंगरे थे। अध्यक्षता पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि शहर कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी, पालिका सभापति सुमित ताम्रकार,पार्षद प्रीति चमन समुंद्रे थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मां बम्लेश्वरी देवी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर पूजन-अर्चन किया गया। लोकार्पण के मौके पर मुख्य अतिथि श्री डोंगरे ने कहा कि पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से समाज को आईना दिखाते हैं। उन्होंने मीडियाकर्मियों के लिए पत्रकार कॉलोनी बनाने का आश्वासन दिया। अध्यक्षता कर रहे श्री वर्मा ने कहा कि पत्रकार समाजहित में निरंतर कार्य करते हैं, इसलिए उन्हें उचित सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी जिम्मेदारी है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी ने कहा कि पत्रकारों की भूमिका हमेशा निष्पक्ष रहती है। इस दौरान पार्षद प्रीति चमन समुंद्रे ने संबोधित किया। प्रेस क्लब अध्यक्ष उत्तम समुंद्रे ने जीर्णोद्धार कार्य में सहयोग करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन सचिव खूबचंद चौधरी ने किया। इस अवसर पर दीपक साखरे, महेश सहारे, रोहन सिन्हा, राजा शर्मा, प्रमोद शुक्ला, धीरज शर्मा, महेंद्र शर्मा, धम्मकीर्ति नंदेश्वर, कृष्णा सहारे, शेख जफर अली, महेश तिवारी, अभिषेकसिंह, शशांक उपाध्याय, सचिन जाम्बुलकर सहित अन्य उपस्थित

- पत्रकार कालोनी बनाने का अध्यक्ष ने दिया आश्वासन

# सम्मान निधि के लिए पदयात्रा करेगा बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव



ग्राम झीकाटोला के 70 वर्सीय किसान हुनेश्वर लाल कलार को बीते तीन साल से किसान सम्मान निधि की राशि नहीं मिली है जबकि वह दस्तावेजी कार्रवाई पूरा कर चुका है। इस संबंध में वह प्रशासन को अवगत भी कराते रहा है इसके बाद भी हुनेश्वरलाल निधि से वंचित है।

वह जब भी राशि के जाता है तो सर्वर डाउन होने की जानकारी देकर वापस भेज दिया जाता है। कहा जाता है कि सर्वर आने पर राशि मिल जाएगी किन्तु बीते तीन से उसे राशि नहीं मिल सकी है। उसने बताया कि कुछ जिम्मेदारी अधिकारियों द्वारा आश्वासन दिया जाता है कि आगामी माह तक सम्मान निधि आ जाएगी किन्तु यह सुनते तीन साल गुजर गए है। सम्मान निधि के लाभ से वंचित हुनेश्वरलाल ने अब पदयात्रा करते हुए रायपुर जाकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को शिकायत कर अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करने की तैयारी में है।

# बालिका छात्रावास निर्माण में अनियमितता

## ठेकेदार ने किया सरकारी बोरिंग पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में निर्माणाधीन बालिका छात्रावास विवादों में घिरते नजर आ रहा है। करीब अनुमानित 2 करोड़ 32 लाख की लागत से बन रहे इस छात्रावास निर्माण में

अनियमितता बरतने का आरोप लग रहा है। लोक निर्माण विभाग ने छात्रावास निर्माण के लिए निविदा आमंत्रित किया था जिसकी अनुमानित लगत 2 करोड़ 32 लाख 72 हजार है। इस कार्य का ठेका किशन लाल यादव गंडई को मिला है।कार्यादेश 30 दिसंबर 25 को जारी



हुआ है जिसके अनुसार कार्य को28 नवंबर 26 तक पूर्ण करना है। ठेकेदार ने मौके पर बोर्ड की जगह पर फ्लेक्स लटका रखा है जबकि कार्य स्थल पर बोर्ड लगाना अनिवार्य है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि निर्माण कार्य पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरा हो सके।

### गुणवत्ता की अनदेखी

स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मिनेश जंघेल ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी और नियमों की अवहेलना का आरोप लगाते हुए बताया कि कार्य मानकों के अनुरूप नहीं हो रहा है। उन्होंने ठेकेदार पर सरकारी बोरिंग पर कब्जा करने का आरोप लगाया है जिससे स्थानीय लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण ईंट मुरूम की गुणवत्ता भी संदेह के घेरे में है।इस मामले को लेकर पीडब्ल्यूडी की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

# युवा और महिलाओं को उद्यमिता प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान एवं छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केंद्र ने 18 दिवसीय सूक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया गया।

उन्हे उद्यमिता कौशल, सूक्ष्म उद्यम की आवश्यक तकनीकी, व्यावसायिक एवं वित्तीय जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को उद्यम की अवधारणा, व्यवसायिक अवसरों की पहचान, परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने की प्रक्रिया, बाजार सर्वेक्षण, मांग विश्लेषण, लागत निर्धारण, लाभ-हानि विश्लेषण, बैंक ऋण प्रक्रिया एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हे उत्पाद निर्माण, पैकेजिंग, गुणवत्ता नियंत्रण एवं विपणन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

### मौके पर पहुंचे प्रतिभागी

कार्यक्रमअंतर्गत प्रतिभागियों को औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण कराया गया, जिससे उन्हें उत्पादन प्रक्रिया, मशीन संचालन एवं व्यावसायिक गतिविधियों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त हुआ। समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ उद्यमिता विकास केंद्र की अधिकारी भुनेश्वरी वर्मा एवं कामेश मोरंगे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उद्यमिता को आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम बताया और उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ उठाकर स्वयं का उद्योग स्थापित करने प्रेरित किया।



### रूद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा 9 से



**साल्हेवारा।** देवपुरा घाट में आगामी 9 अप्रैल से रुद्र महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन रखा गया है। यह आयोजन 15 अप्रैल तक चलेगा। पंडित मोहन नारायण शास्त्री श्रद्धालुओं को शिव महापुराण कथा का रसपान करेंगे। प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान होंगे। दोपहर 2 बजे से शिव महापुराण कथा का वाचन होगा। इस दौरान पार्थिव शिवलिंग पूजन, अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण किया जाएगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### प्रो राजन को मिला विशिष्ट सद्भावना सम्मान

**खैरागढ़।** सांसकृतिक व साहित्यिक संस्था सद्भावना छग बिलासपुर द्वारा वर्ष 2026 का विशिष्ट सद्भावना सम्मान इंदिरा कला संगीत विवि हिंदी विभाग व कला संकाय अधिष्ठाता प्रो डॉ राजन यादव को मिला। दुर्ग के आशीर्वाद भवन में महापौर अल्का बाघमारे के मुख्य आतिथ्य, विशिष्ट अतिथि व मुख्य वक्ता प्रो डॉ राजन यादव, समिति अध्यक्ष अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार राजीव अग्रवाल, साहित्य भारती छग अध्यक्ष बीआर साहू ,कवि सतीश पांडेय, डॉ राजेन्द्र मौर्य, डॉ अशोक ताम्रकार ने आयोजित कार्यक्रम में प्रो यादव का शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। संस्था का आभार व्यक्त करते हुए प्रो यादव ने कहा कि कवि कर्म तपस्या की तरह है और सतत मानवीय मूल्यों का प्रसार कवि का दायित्व है। किसी भी प्रांत अथवा देश का सांस्कृतिक स्वर हम कवियों की कविताओं में सुन सकते हैं। इस दौरान सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कवि व साहित्यकार मौजूद थे।

### रिंकू बने कांग्रेस के जिला सचिव



**जालबांधा।** जिला कांग्रेस कमेटी की नवघोषित कार्यकारिणी में जालबांधा के युवा नेता रिंकू गुप्ता को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। वही करमतरा के अशोक साहू को महामंत्री, गैंदलाल कुर्रे को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शमिल करने से क्षेत्र के सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी है। सामाजिक सहयोग और सक्रियता के कारण ग्रामीण क्षेत्र में पकड़ को देखते हुए रिंकू गुप्ता को जिला सचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और जिलाध्यक्ष कोमलदास साहू की अनुशंसा पर सौंपी गई है। शीर्ष नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए रिंकू गुप्ता ने कहा कि वो हर संभव लोगो की समस्या निदान को लेकर प्रयासरत रहने के साथ साथ संगठन से मिले दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के भरोसे का बरकरार रखने और खरा उतरने के वादे साथ ब्लॉक और ग्राम स्तर पर पार्टी को सशक्त बनाना प्राथमिकता बताया है। क्षेत्र के तीनों जमीनी कार्यकर्ताओं को जिला कार्यकारिणी में जगह मिलने पर चंदन वर्मा, धनंजय वर्मा, महेंद्र वर्मा, हरेश वर्मा, मोहन वर्मा, कुमार वर्मा, महेश साहू, भूखन बंजारे, नरेश वर्मा, ओमप्रकाश साहू, उमेश साहू, माधव बंजारे, मुकेश बंजारे, पिंटू साहू, नवीन बर्मन, नरसिंह वर्मा, विनोद नेताम, ईश्वर राव, राजाराम बंजारे, करण बंजारे, अनिल बंजारे, गुंजल भारद्वाज, लोकेश वर्मा, पुखराज गुप्ता, बंटी गुप्ता सहित अन्य ने बधाई दी है।

### संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत बैठक आयोजित

# ग्राम पंचायत स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने की बनी रणनीति

## पदाधिकारियों को जिम्मेदारियों से कराया अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत जिले के तीनों ब्लॉक में प्रभारी व पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में बैठक आहूत किया गया था। जिसमें समस्त नवीन पदाधिकारियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया एवं उन्हें जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्रभारी महामंत्री दिनेश शाह मंडावी, कन्हैया राजपूत, उपेंद्र मिश्रा सहित जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, महामंत्री अब्दुल खलीक, महिला जिलाध्यक्ष सईदा खान, पुष्पा मंडावी, राजू पोटावी, रवींद्र सलामे, विधायक प्रतिनिधि ऋषभ ठाकुर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

कार्यक्रम में प्रभारी भुनेश्वर बघेल ने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता एक-एक पदाधिकारी के बराबर है। मानपुर विधानसभा कांग्रेस का गढ़ है, गढ़ इसलिए है क्योंकि हमने यहां विकास का कार्य किया है। वनांचल क्षेत्र के अंतिम गांव एवं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का कार्य यहां के विधायक इंद्रशाह मंडावी एवं संगठन के एक-एक ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने किया है, किन्तु वर्तमान परिस्थिति में भाजपा अपना छल-बल लगाने का कार्य इस क्षेत्र में कर रही है। जिनका हमें पुरजोर विरोध करना है एवं मजबूती से जनता के बीच जाकर विचारधारा को बताना है।



### मानपुर ब्लॉक कार्यकारिणी में ये हैं शामिल

कोषाध्यक्ष चाणक्य मेरिया, उपाध्यक्ष हरिशंकर मिश्रा, अभिमन्यु मंडावी, श्रवण बढ़ाई, सुरेखा सोरी, फूलसिंह मरकाम, अजीज खान, महामंत्री बालाराम मंडावी, भुनेश्वर ठंडिया, ललित ठाकुर, करण बोगा, धर्मेंद्र साहू, बालकृष्ण मेश्राम, आबिद अली, सुरेश गंधर्व सहित सचिव एवं कार्यकारिणी स्तर के सदस्यों को नामित किया गया है। इसी प्रकार मानपुर ब्लॉक में मंडल संयोजक के रूप में घसियाराम नाग औंधी, बलराम मंडावी भरीटोला, सईदा खान खड़गांव, परमेश्वर कोठारी मानपुर, रामप्रसाद भुआर्य सीतागांव को बनाया गया है।

### अंबागढ़ चौकी एवं मोहला में भी संगठन सृजन के तहत कार्यक्रम

इसी प्रकार प्रभारी भुनेश्वर बघेल के नेतृत्व में चौकी में जिला महामंत्री रफीक खान, लता साव, पूर्व उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम तथा मोहला में कोषाध्यक्ष जिला कांग्रेस नारायण खंडेलवाल, महामंत्री राजकुमार ध्रुव, उपाध्यक्ष महेश कुंजाम के नेतृत्व में संगठन सृजन के तहत मनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया।

### पंचायत स्तर पर बनाए जाएंगे प्रभारी

गांवों के जागरूक युवा एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पंचायत स्तर पर प्रभारी बनाया जाएगा। जिससे स्थानीय स्तर पर नेतृत्वकर्ता बनाए जाने से संगठन ज्यादा सक्रिय रहेगा। एक-एक पंचायत में बूथ के अलावा 10 लोगों का चयन कर उन्हें पार्टी की गतिविधियों को सुचारू संचालन करने का जिम्मेदारी दिया जाएगा। इसी प्रकार महीने में होने वाली तीन बैठकों के अलावा अब माह के 28 तारीख को पंचायत स्तर पर भी बैठक नियोजित किया जाएगा। कांग्रेस संगठन की तरफ से माह के 7 तारीख को जोन, 14 को ब्लॉक एवं 21 तारीख को जिला स्तरीय बैठक लिया जाकर सांगठनिक कार्यों पर चर्चा किया जाता है।

### ना धान खरीद पाए, मनरेगा बंद किए, आवास राशि में कटौती

संगठन सृजन कार्यक्रम में विधायक इंद्रशाह मंडावी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई संप्रेषित किया एवं कांग्रेस द्वारा जिले में कराए गए विकास कार्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा के अंतिम छोर में बसे मोहला-मानपुर का विकास भाजपा शासन के नियत में ही नहीं था। डॉ. रमन सिंह के 15 साल के स्थिर सरकार में भी हमारा क्षेत्र जिला नहीं बना था, जो सबसे महत्वपूर्ण मांग था, किन्तु भाजपा शासन ने हमारे क्षेत्र से मिलने वाले खनिज, वनोपज का शोषण किया और बड़े शहरों में खर्च किया। कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कांग्रेस के एक-एक कार्यकर्ता की मंशानुरूप हमने जिला बनाया। प्रशासनिक विकेंद्रीकरण को दृष्टिगत रखते तीन तहसीलों को अस्तित्व में लाया।

# जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पीएम-राहत (प्रधानमंत्री रोड एक्सीडेंट विक्टिम हॉस्पिटलाइजेसन एण्ड एस्योरड ट्रीटमेंट) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में बताया गया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी पीएम-राहत योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अब तत्काल और कैशलेस ईलाज की सुविधा मिलेगी। योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को गोल्डन ऑवर अर्थात सड़क दुर्घटना के तुरंत बाद के महत्वपूर्ण समय में बिना किसी देरी के अस्पतालों में भर्ती कर अधिकतम 7 दिनों तक प्रति व्यक्ति अधिकतम 1 लाख 50 हजार रुपए तक का कैशलेस उपचार जिले के पंजीकृत समस्त शासकीय एवं निजी चिकित्सालयों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

### समय पर उपचार

कार्यशाला में बताया गया कि योजना का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में घायल मरीजों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराना है। दुर्घटना के बाद शुरूआती समय में तत्काल ईलाज मिलने पर कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। कार्यशाला में जिले के सभी 34 शासकीय अस्पतालों के अस्पताल प्रभारी एवं जिले के कुल 37 निजी अस्पताल प्रभारी व संचालकों को टीएमएस 2.0 पोर्टल एवं ईडीएआर पोर्टल का लाईव प्रशिक्षण प्रोजेक्टर द्वारा प्रदान किया गया। शासन के निर्देशानुसार योजना का प्रभावी क्रियान्वयन एवं पीड़ितों को तत्काल उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### दी आवश्यक जानकारी

कार्यशाला में डॉ. बीएल तुलावी, अरूण सोनी एवं ऐश्वर्य साव द्वारा पीएम-राहत योजना के संबंध में आवश्यक जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। कार्यशाला में शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री राजनांदगांव, जिला चिकित्सालय बसंतपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव, छुरिया, डोंगरगढ़, घुमका, सोमनी तथा समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आरएमए, अस्पताल मेडिको एवं जिले के कुल 37 निजी अस्पतालों से अस्पताल संचालक, अस्पताल प्रबंधक एवं अस्पताल मेडिको उपस्थित थे।

# 'आप' ने निकाली सिलेंडर की शव यात्रा



- रसोई गैस संकट का असर आम जनजीवन पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश में गहराते रसोई गैस संकट, कामर्शियल सिलेंडर की कमी और उससे प्रभावित आम जनजीवन व उद्योगों को लेकर जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने सरकार के गैस की कोई कमी नहीं वाले दावे को सिरे से खारिज करते हुए इसे जनता को गुमराह करने वाला बताया और कहा कि देश में गैस संकट को लेकर निर्मित हालात सरकार की विफल नीतियों का परिणाम हैं। सरकार खुद दावा कर रही है कि गैस की कोई कमी नहीं है तो फिर आम जनता सिलेंडर के लिए लंबी कतारों में क्यों खड़ी है। प्रधानमंत्री का 500 में गैस सिलेंडर देने की गारंटी पूरी तरह फेल हो गई है और आज आम आदमी को घरेलू गैस सिलेंडर तक समय पर नहीं मिल पा रहा है। ऊपर से घरेलू पर 60 और कामर्शियल सिलेंडर पर 115 की बढ़ोतरी ने लोगों की कमर तोड़ दी है।

### अपर्याप्त आपूर्ति की गंभीर समस्या

जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा कि केंद्र की गलत नीतियों के कारण प्रदेश की सिलेंडर की अनियमित व अपर्याप्त आपूर्ति की गंभीर समस्या का सामना कर रही हैं। सिलेंडर समय पर नहीं मिल रहा है, जिसके कारण दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। कामर्शियल गैस की आपूर्ति न होने से होटल रेस्टोरेंट बंद होने के गार पर आ गए है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के मध्यम एवं निम्न आय वर्ग के परिवारों को इस समस्या से कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरीवश लोगों को लकड़ी सहित अन्य पारंपरिक ईंधनों के अलावा इलेक्ट्रिकचूल्हों का उपयोग करना पड़ रहा है, जो स्वास्थ्य व पर्यावरण दोनों के लिए हानिकारक होने के साथ साथ भविष्य में बिजली संकट पैदा कर सकता है। आम आदमी पार्टी ने ज्ञापन सौंपकर समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने, कालाबाजारी पर रोक लगाने और प्रदेश में रसोई गैस की नियमित, पारदर्शी, समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है साथ ही चेतावनी भी दी है कि त्वरित निवारण नही होने पर पार्टी पूरे प्रदेश में व्यापक जन आंदोलन करेगी। इस दौरान जिला महासचिव श्याममूर्ति नायडू ,संदीप जंघेल, राजेश मारकंडेय, निलेश महोबे, तिजेराम वर्मा, श्यामलाल वर्मा, जाहिद अली, रामकुमार वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मार्कफेड की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में धान के निपटान एवं उठाव में तेजी के निर्देश



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा आज नवा रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में जिला विपणन अधिकारियों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के विपणन अधिकारी उपस्थित रहे, जहां धान खरीदी, भंडारण एवं उठाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वर्ष 2024-25 के धान निराकरण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते प्राधिकृत अधिकारी शशिकांत द्विवेदी ने शेष धान के शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

प्राधिकृत अधिकारी मार्कफेड में संग्रहण केंद्रों से धान उठाव के लिए जारी टीओ तथा वर्ष 2025-26 के लिए जारी डीओ के विरुद्ध वास्तविक उठाव की जिलेवार प्रगति का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने 30 मार्च 2026 की स्थिति में उपार्जन केंद्रों में उपलब्ध शेष धान की जानकारी लेते उसके सुरक्षित संधारण एवं त्वरित उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके अलावा जिलों में अनुपयोगी बारदानों के प्रबंधन तथा स्वयं के एवं किराये के गोदामों से संबंधित लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर भी विशेष जोर दिया।

### गहन समीक्षा

बैठक में पिछली समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी गहन समीक्षा की गई। प्राधिकृत अधिकारी ने स्पष्ट किया कि धान खरीदी एवं उठाव की प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है और सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करनी होगी। इस अवसर पर मार्कफेड मुख्यालय के अपर प्रबंध संचालक, मुख्य लेखाधिकारी सह वित्तीय नियंत्रक, समस्त महाप्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# तहसील स्तर पर रामलाल साहू हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शैक्षिक गतिविधि और सामाजिक उत्थान को लेकर उत्कृष्ट कार्य सहित समाज की बेहतरी के लिए लगातार तहसील स्तर पर योगदान देने वाले रामलाल साहू को सम्मानित किया गया। ब्लाक के कट्टहा नवागॉव प्राशा में पदस्थ प्रपा रामलाल साहू को इरईकला में आयोजित तहसील स्तरीय कर्मा जयंती कार्यक्रम सांसद संतोष पांडेय, मंत्री गजेन्द्र यादव सहित अन्य अतिथियो ने अंगवस्त्र, प्रतीक और प्रमाणपत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस दौरान तेलघानी विकास बोर्ड अध्यक्ष जितेन्द्र साहू, प्रदेश अध्यक्ष साहू समाज धीरेन्द्र साहू जी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजनांदगांव भागवत साहू, घुमका तहसील अध्यक्ष दिलीप साहू सहित अन्य मंचस्थ थे।

गौरतलब है कि शिक्षा के क्षेत्र मे नवाचार और शैक्षिक गतिविधियो को लेकर लगातार कार्य करने के चलते प्रदेश मे विभिन्न मंचों से सम्मानित रामलाल साहू को सम्मान मिला है। बीते साल संभाग से उत्कृष्ट प्रधान पाठक के लिए मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण भी मिल चुका है। शैक्षिक गतिविधियो के अलावा साहू समाज से होने के कारण सामाजिक उत्थान, बच्चों की बेहतर शिक्षा दीक्षा को लेकर उनके कामो को देखते हुए कार्यक्रम में उन्हें सांसद व मंत्री के हाथों सम्मान मिला है। भैसातरा परिक्षेत्र अध्यक्ष धरमू साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष पन्नालाल साहू, सचिव सोमनाथ साहू, कट्टहा नवागांव सरपंच प्रीतिलता साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष शीतराम जोशी सहित अन्य ने उन्हें बधाई दी है।

# कार्यकारिणी में गामेंद्र बने शहर जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित की गई है। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन से शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार द्वारा प्रस्तावित शहर जिला कार्यकारिणी को प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैन्दू द्वारा पदाधिकारी की सूची जारी की गई है। जिसमें गामेंद्र नेताम को शहर जिला कांग्रेस कमेटी का सचिव बनाया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार गामेंद्र नेताम पूर्व में नगर पालिक निगम में रेवाडीह वार्ड से पार्षद व कनिष्ठ सभापति रहे हैं। उनकी राजनीतिक यात्रा की शुरूआत जिला युवा कांग्रेस में बतौर निर्वाचित जिला महासचिव से हुई है। उसके पश्चात नगर निगम में एल्डरमेन नियुक्त, उत्तर ब्लॉक कांग्रेस उपाध्यक्ष, आदिवासी कांग्रेस के शहर अध्यक्ष रहे। वर्तमान में नवीन सचिव पद के साथ जिला आदिवासी कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष पद का भी निर्वहन कर रहे हैं। संगठन में उनकी मेहनत और सक्रियता बनी रहती है। श्री नेताम ने कहा है कि उक्त सचिव पद का वो पूर्व की भांति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे और संगठन के दिशा-निर्देशों का पालन कर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे। यह जिम्मेदारी मिलने पर नेताम ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार का आभार व धन्यवाद प्रकट किया है।

# आंगनबाड़ी के बच्चों को स्कूल वातावरण से कराया गया परिचय

**राजनांदगांव।** जिले में स्कूल शिक्षा विभाग एवं महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आज बाल मित्र कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी में आने वाले बच्चों को विद्यालय के वातावरण से परिचित कराना तथा 6 वर्ष पूर्ण होने पर उन्हें स्कूल जाने प्रेरित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत 4 से 6 वर्ष आयु वर्ग के आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को उनके नजदीकी प्राथमिक शालाओं में ले जाया गया। इस दौरान बच्चों ने विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ मिलकर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और स्कूल के माहौल को समझा। कार्यक्रम में बच्चों के लिए कहानी, गीत, खेल एवं चित्रकारी जैसी रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिससे वे आनंदपूर्वक सीख सकें और स्कूल के प्रति उनकी रूचि बढ़े। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह जागृत करने के साथ ही विद्यालयीन जीवन के प्रति सकारात्मक वातावरण बनाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम से बच्चों का सहज रूप से स्कूल में प्रवेश सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी तथा प्रारंभिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने में सहयोग मिलेगा।

### पूरे दिन भजन-कीर्तन के साथ भंडारा

# हर्षोल्लास से मना हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

हनुमान प्रकटोत्सव पर शहर सहित पूरे इलाके के सभी छोटे बड़े हनुमान और राम मंदिर में पूरे दिन कीर्तन भजन साथ पूजा अर्चना और भंडारा चलता रहा।

सिविल लाइन, पुलिस थाना, बिजली आफिस, किल्लापारा सहित तुरकारी पारा के हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ इस दौरान श्रद्धालुओं ने रोठ, चला, गुड़ का भोग लगाया वही बंदन घी का चोला चढ़ाया।

इस दौरान सुबोधकांत पांडेय, श्रीराम यादव, भूपेंद्र गंगबोइर, नीकु श्रीवास, पंकज यादव, मनमोहन चंदवानी, नरेंद्र श्रीवास, धर्मेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता, शुभम सिंह ठाकुर, अंजन सिंह ठाकुर, शैलेन्द्र यादव, सुनील यादव, विवेक श्रीवास,सूर्या दुबे,विनीत श्रीवास, सौमित्र श्रीवास, निखिल श्रीवास, शौर्य गंगबोइर, सोनू श्रीवास, बबलू श्रीवास, दुर्गेश यादव, प्रांजल गुप्ता, शौर्य गुप्ता, हर्षल गुप्ता, अनुराग यादव, आलोक श्रीवास, ऋतुराज यादव, आदित्य सिंह, नैतिक सिंह, नितिन वर्मा, शिवा यादव, आर्यन श्रीवास, नीरज भट्ट, विक्रम यादव, विनोद श्रीवास, जय यादव, प्रियांशु यादव, आरव श्रीवास सहित बड़ी संख्या में हनुमान भक्त उपस्थित थे।



### भव्य प्रतीक यात्रा निकली

तुरकारी पारा में वीर हनुमान सेवा समिति ने लगातार सोलहवें साल हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। सुबह हवन पूजन, दोपहर में विशाल भंडारा बाद राम लक्ष्मण जानकी संग हनुमान की भव्य प्रतीक यात्रा निकली जिसमें ढोल धुमाल, अखाड़ा, डीजे, नयनाभिराम जीवंत झांकी और शानदार आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रही। शिव मंदिर मे संगीतमय हनुमान चालीसा बाद महाआरती से यात्रा का समापन हुआ।

# पांच दिवसीय संविधान मंथन कार्यक्रम हुआ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के अंबेडकर चौक में संविधान मंथन कार्यक्रम का पांच दिवसीय आयोजन किया गया। आम जनमानस में संवैधानिक जागरूकता के उद्देश्य से इस संविधान मंथन कार्यक्रम का आयोजन 28 मार्च से 1 अप्रैल तक किया गया।

जनहित को समर्पित आम नागरिकों को उनके मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करने इस पांच दिवसीय कार्यक्रम में संविधान कथा, संविधान वाचन, निबंध लेखन और प्रदर्शनियों के साथ-साथ आम जनता के लाभ के लिए कई निःशुल्क शिविर, स्वास्थ्य शिविर, आरटीओ शिविर, श्रमिक विभाग शिविर, जैविक कृषि शिविर और कानूनी सलाहकार शिविर भी आयोजित किए गए। निःशुल्क संविधान पुस्तक की 1000 प्रतियां वितरित की गई। कार्यक्रम में संविधान वाचन, संविधान निबंध लेखन, संविधान स्पीच, संविधान प्रदर्शनी, संविधान मेला, संविधान मंथन एवं दर्शन यात्रा, रैली और सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

### संवैधानिक मूल्यों का अद्भुत समन्वय

कर्तव्य न्याय भागीदारी आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवशंकर सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत देवांगन ने बताया कि संविधान मंथन कार्यक्रम एक अनूठी और प्रभावशाली पहल के रूप में उभरकर सामने आया है, जहां सांस्कृतिक अभिव्यक्ति और संवैधानिक मूल्यों का अद्भुत समन्वय देखने को मिल रहा है। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। आचार्य सूरज राही के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में गीत, संगीत और विचारों के माध्यम से संविधान की आत्मा को जन-जन तक पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया गया। कार्यक्रम में भगवान गौतम बुद्ध के करूणा, शांति और मानवता के संदेश को प्रमुखता से उकेरा गया। वहीं डॉ. भीमराव आंबेडकर के समानता, न्याय और अधिकारों पर आधारित विचारों को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।आयोजन में रूपेश जोशी, सलमान खान, मनीष जैन, तुलसी गौतम, उमेश साहू, बलविंदर सिंह सिख, सेवाराम, प्रयाग साहू, राजेश तोमर, एसके ओझा, एसके नायक, श्याम शर्मा, एमबी अनोखे सहित युवा, बुजुर्ग, महिलाएं और विद्यार्थी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## सार समाचार

### युद्ध से केवल नुकसान है : निर्वाणी



**राजनांदगांव।** जिला भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज निर्वाणी ने कहा कि आज पूरे विश्व में कुछ-कुछ स्थानों पर युद्ध हो रहे हैं, जो एक-दूसरे देश के प्रति लोग लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस युद्ध से केवल नुकसान है, फायदा कुछ नहीं होगा। श्री निर्वाणी ने कहा कि युद्ध से देश के आंतरिक गतिविधियों में रहने वाले लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि खाने-पीने की चीजों से लेकर सामान्य चीजों के लिए भी परेशान होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि युद्ध से न केवल प्रभावित देशों को नुकसान होता है, बल्कि पूरे विश्व को इसका असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि हमें युद्ध के बजाय शांति और भाईचारे की बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि वे इस युद्ध के खिलाफ हैं और शांति की स्थापना के लिए काम करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमें विश्व में शांति और भाईचारे की स्थापना के लिए एकजुट होना चाहिए।

### पूर्व पार्षद ओस्तवाल का निष्कासन निरस्त



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू एवं शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार की अनुशंसा पर पूर्व कांग्रेस पार्षद हेमंत ओस्तवाल का निलंबन निरस्त किया गया। इसके लिए पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने प्रदेश अध्यक्ष श्री बैज व संगठन महामंत्री श्री गैंदू एवं शहर अध्यक्ष श्री मदुलियार समेत अन्य नेताओं का आभार व्यक्त किया। पूर्व पार्षद श्री ओस्तवाल ने बताया कि पिछले 3 वर्षों से उनका निष्कासन कांग्रेस से किया गया था, उसे निरस्त करते कांग्रेस पार्टी और संगठन को मजबूत करने 2 अप्रैल को निष्कासन समाप्ति का आदेश की छायाप्रति शहर अध्यक्ष श्री मुदलियार समेत वरिष्ठ कांग्रेस नेता मामराज अग्रवाल, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष अशोक पंजवानी, शहर कांग्रेस कोषाध्यक्ष राकेश जोशी द्वारा निज निवास में मुझे सम्मान दिया। इसके लिए श्री ओस्तवाल ने उक्त कांग्रेसियों का आभार व्यक्त किया।

### बालाजी मंदिर में धूमधाम से मनी हनुमान जयंती



**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि हनुमान जयंती के अवसर पर सोनारपारा स्थित राम-जानकी बाला बाबा मंदिर में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम हनुमानजी का अभिषेक कर पुष्पमाला से भव्य श्रृंगार किया गया। तत्पश्चात 12 बजे महाआरती कर संकट मिटै सब पिरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा के उदघोष के मध्य भक्तों ने एक-दूसरे को बधाई दी। भक्तों को रोठ लड्डू, नारियल, मालपुआ, फलों का प्रसाद बांटा गया। हनुमान जयंती कार्यक्रम देवकुमार निर्वाणी, रुपमति निर्वाणी, आशा श्रीवास्तव, उषा श्रीवास्तव, शकुंतला परिहार के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। कार्यक्रम में महाआरती पश्चात हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ किया गया। रात्रि 7.30 बजे के पश्चात प्रसादी स्वरूप पुलाव व चटनी बांटा गया। उक्त अवसर पर देवकुमार निर्वाणी, रूचि नामदेव, विरेन्द्र यादव, नेहा यादव, रुपमति निर्वाणी, ममता ठाकुर, मीना सिन्हा, पूजा श्रीवास्तव, आशा श्रीवास्तव, निरंजन श्रीवास्तव, सुभाष श्रीवास्तव, चन्द्रकला श्रीवास्तव, संस्कृति नामदेव समेत अन्य भक्तों को प्रसादी बांटा गया। उक्त जानकारी अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे एवं तारक निर्मोही ने दी।

### अर्नव स्कूल सुरगी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



**राजनांदगांव।** ग्राम सुरगी स्थित अर्नव पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम 28 मार्च को घोषित किया गया। इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिससे स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों में उत्साह का माहौल है। परीक्षा में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। नर्सरी कक्षा में सुरूचि निषाद ने प्रथम, लक्ष्य साहू ने द्वितीय तथा मौली एवं इंवासी साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। केजी-1 में युगांशी साहू एवं अनंत साहू संयुक्त रूप से प्रथम, चमन साहू द्वितीय और स्वाती साहू तृतीय रहे। केजी-2 में मोनल साहू प्रथम एवं चार्वी साहू द्वितीय स्थान पर रही। कक्षा पहली में डाली निषाद प्रथम, कुणाल निषाद द्वितीय और रिया सिंह तृतीय रही। कक्षा दूसरी में पीयूष कुमार साहू एवं धनेश्वर निषाद संयुक्त रूप से प्रथम, भव्य साहू द्वितीय तथा अनमोल साहू एवं जयंत साहू तृतीय रहे। कक्षा तीसरी में उदिति साहू प्रथम, अभिषेक साहू द्वितीय और हेताक्षी साहू तृतीय स्थान पर रही। कक्षा चौथी में रेयांश साहू प्रथम, प्रियांश साहू द्वितीय एवं यश निषाद तृतीय रहे। वहीं कक्षा पांचवीं में खुशी साहू ने प्रथम, मानसी साहू ने द्वितीय और मोनिका साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्था द्वारा उच्च अंक प्राप्त करने वाले एवं सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। परिणाम घोषणा के अवसर पर संस्था के डायरेक्टर एसके देवांगन, प्राचार्य सुमन साव, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

### अशोक बने कांग्रेस के शहर महामंत्री



**राजनांदगांव।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी में अशोक पंजवानी को महामंत्री बनाए जाने से उनके समर्थकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुमोदन पर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार द्वारा घोषित कार्यकारिणी में अशोक पंजवानी को शहर कांग्रेस कमेटी का महामंत्री बनाया गया हैं। इससे पार्टी कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं शुभचिंतकों में हर्ष की लहर दौड़ गई। ज्ञात हो कि श्री पंजवानी विगत तीस वर्षों से कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता होने के साथ ही संगठन के विभिन्न पदों पर रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन कर अपनी अलग छाप छोड़ चुके हैं।

### भाजपा नेता रवि को पुत्र शोक



**राजनांदगांव।** वार्ड क्र. 39 के भाजपा पार्षद व वरिष्ठ भाजपा नेता रवि सिन्हा के 31 वर्षीय सुपुत्र प्रियेश सिन्हा का आज बेंगलुरु में आकस्मिक निधन हो गया। रामरतन सिन्हा के पोते और राकेश सिन्हा के भतीजे प्रियेश सिन्हा एआई के प्रशिक्षित ज्ञाता के रूप में बैंगलोर में निजी कंपनी में सेवारत थे। 31 वर्षीय प्रियेश के आकस्मिक निधन से समाज एवं शहर में शोक की लहर छा गई। युगांतर स्कूल में अध्ययन करने वाला प्रियेश शुरू से मेधावी था। बाद में प्रियेश लंबे समय से बैंगलोर में अपनी सेवाएं दे रहा था। प्रियेश की अंतिम यात्रा कल 4 अप्रैल को हीरामोती लाइन स्थित उनके निज निवास से सुबह 9 बजे लखोली स्थित मुक्तिधाम जाएगी।

## आयुक्त ने ली राजस्व विभाग की बैठक

# राजस्व वसूली का लक्ष्य करें पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने 01 अप्रैल को राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक लेकर इस वित्तीय वर्ष में डिमांड को दुरूस्त कर प्रारंभिक माह से ही शत-प्रतिशत वसूली का लक्ष्य लेकर कार्य करने के निर्देश सभी राजस्व उप निरीक्षकों व सहायक राजस्व निरीक्षकों को दिए।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि वित्तीय वर्ष के प्रारंभ से ही मेहनत करें, घर-घर जाकर वसूली करना सुनिश्चित करें। इस वर्ष के डिमांड दुरूस्त कर डिमांड के अनुरूप वसूली करें। कुछ वार्ड प्रभारियों द्वारा गत वर्ष की वसूली में बहुत मेहनत कर अच्छी वसूली लाएं, किन्तु कुछ लोगों की वसूली बहुत कम थी। एसआईआर के अलावा वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में जनगणना कार्य भी आया है, लेकिन प्रभारित वार्ड में ही उक्त कार्य किया गया, इसलिए वसूली ज्यादा प्रभावित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष में सभी को शुरू से मेहनत कर लक्ष्य के अनुरूप शत-प्रतिशत राजस्व वसूली करना है। बैठक के पूर्व में राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी ने नए वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा निर्धारित दर के संबंध में जानकारी देकर वार्डवार वसूली की जानकारी दी। बैठक में राजस्व निरीक्षक, राजस्व उप निरीक्षक व सहायक राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।



### ऑनलाइन वसूली की रखें तैयारी

आयुक्त श्री विश्वकर्मा के कहा कि इस वित्तीय वर्ष में शासन के नए निर्धारण के आधार पर वसूली करना है। इस आधार पर डिमांड तैयार करें, करदाताओ से विवरणी कराएं, मई माह से ही प्लान तैयार कर एवं लक्ष्य निर्धारित कर वसूली करना सुनिश्चित करें। क्यूआर कोड से वसूली करें तथा आगामी माह से ऑनलाइन वसूली की भी तैयारी रखे। जिससे करदाता को सुविधा मिलेगी और वे अपने करों का भुगतान करेंगे। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के लिए नवनिर्मित मकानों व कालोनियों की भवन नजूल विभाग से जानकारी लेकर करारोपण करना सुनिश्चित करें।

### लापरवाही पर होगी कार्रवाई

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि गत वित्तीय वर्ष की वसूली के लिए राज्य शासन ने 30 अप्रैल 2026 तक छूट प्रदान किए हैं। छूट के अनुसार करदाताओं से संपर्क कर बकाया वसूली करना सुनिश्चित करें एवं उन्हें छूट का लाभ दें। साथ ही इस वित्तीय वर्ष में मई माह से ही डिमांड के विरूद्ध वसूली करें। उन्होंने कहा कि गत वित्तीय वर्ष में 78 प्रतिशत वसूली हुई है, जो कि कम है। शासन ने एक माह छूट प्रदान की है। राजस्व क्षति सबसे गंभीर मामला होता है, इसलिए राजस्व वसूली में कोताही नहीं बरतनी है। वसूली में जो लापरवाही बरतेगा उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### किराया वसूलना करें सुनिश्चित

उन्होंने दुकान किराया, मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना दुकान किराया, अटल आवास योजना के किराये की प्रतिमाह वसूली के निर्देश दिए, जिन दुकानदारों द्वारा कई माह का किराया नहीं दिया गया है, उनसे संपर्क कर वसूली के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस वित्तीय वर्ष के लिए मई माह से ही नियमित रूप से सम्पत्तिकर, जलकर, समेकितकर सहित दुकान किराया वसूलना सुनिश्चि करें।

## कमला कॉलेज में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में आगामी 6 से 20 अप्रैल तक 15 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कराते, कबड्डी एवं योग का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

उक्त प्रशिक्षण शिविर में स्कूल एवं कालेज की छात्राएं भाग ले सकते हैं।

योग प्रशिक्षण का समय सुबह 9 से 10 बजे तक है। जिसमें महिलाएं भी भाग ले सकती है। बैडमिंटन, कबड्डी एवं टेबल टेनिस का प्रशिक्षण सुबह 6 से 8 बजे तक है। बैडमिंटन का प्रशिक्षण सांई के कोच द्वारा दिया जाएगा। कराते का प्रशिक्षण शाम 4 से 5 बजे तक होगा। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के इच्छुक छात्र-छात्राएं अपना नाम महाविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. नीता एस. नायर के पास कल 4 अप्रैल तक दर्ज करवा सकते हैं।

## एनबीआईएस में नवीन शिक्षा सत्र प्रारंभ



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में नवीन शिक्षा सत्र 2026-27 का प्रारंभ 1 अप्रैल से बड़े ही उत्साह के साथ किया गया। नवीन शिक्षा सत्र से इस वर्ष प्ले ग्रुप को जोड़ा गया है। वर्तमान में शाला में प्ले ग्रुप से लेकर प्री प्राइमरी की कक्षा से 12वीं तक की कक्षा का संचालन किया जा रहा है। साथ ही कक्षा आठवीं से पीडब्ल्यू की नियमित कक्षाएं भी संचालित किया जा रहा है। 11वीं की कक्षाओं में वाणिज्य, विज्ञान, गणित व हिम्यूनिटी कला विषय यथावत संचालित हो रही है।

शाला प्रवेश में बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर किया गया। बच्चे अपने पसंदीदा खेल क्रिकेट, फुटबॉल, व्हालीबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस के साथ ही संगीत में गायन, वादन व नृत्य की जानकारी को बच्चों ने काफी सराहा व बच्चे उत्साहित नजर आए। संस्था के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी का कहना है कि बच्चों को शाला में सदैव घर सा माहौल मिले, ताकि बच्चे अपनी भावनाओं को बिना डर के अपने शिक्षकों के समक्ष रखें। वर्तमान समय में बच्चे खुलकर अपनी बात सामने नहीं रखते, झिझकते हैं।

## बढ़ती महंगाई को लेकर कांग्रेस ने मोदी सरकार को घेरा, आर्थिक कुप्रबंधन का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बढ़ती महंगाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने स्थानीय प्रेस क्लब में एक प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित करते केंद्र की मोदी सरकार पर आर्थिक कुप्रबंधन का आरोप लगाया।




प्रेस कॉन्फ्रेंस करते जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विपिन यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की कूटनीति और विफलता के कारण देश में महंगाई बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने एक बार फिर कामर्शियल गैस के दाम में 195 रुपए की बढ़ोत्तरी की है। इससे 3 माह पहले 525 रुपए की बढ़ोत्तरी हुई थी। वहीं पिछले हफ्ते मोदी सरकार ने घरेलू गैस के दाम में 65 रुपए की बढ़ोतरी की है। जिससे आम आदमी पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी कम करने की वाहवाही लूट रही है, लेकिन इसका फायदा आम जनता को नहीं मिलकर उद्योगपतियों को मिल रहा है। वहीं पेट्रोल के दाम में 1 रुपए से अधिक की बढ़ोत्तरी अलग-अलग राज्य में हुई है।

### बढ़ गया किचन का बजट

प्रेस कॉन्फ्रेंस करते कांग्रेस के नेताओं ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को घेरा। कांग्रेस पदाधिकारी ने कहा कि एविएशन के पेट्रोल में भी बढ़ोत्तरी कर दी गई है, जिसे हवाई यात्रा भी महंगी हो गई। वहीं खाद्य तेल, मावा, राशन सामग्री सभी के दाम बेतहाशा बढ़ गए हैं। कांग्रेसियों ने कहा कि आम आदमी के लिए किचन का बजट मोदी सरकार ने बढ़ा दिया है।

### जनता को लूटने का आरोप

प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेसजनों ने कहा कि इस मामले में जनहित को देखते हुए आंदोलन किया जाएगा। कांग्रेसियों ने कहा कि बेलगाम महंगाई से आम जनता का जीना मुश्किल हो गया है। रेलवे की टिकट से लेकर स्कूल, कॉलेज की फीस तक सब कुछ कई गुना बढ़ चुका है। वहीं सरकार के संरक्षण में तरह-तरह के सेवा शुल्क लगाकर बैंक आम खातेदारों को खुलेआम लूट रही है। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान श्रीकिशन खंडेलवाल, कमलजीत सिंह पिंटू, धनेश पाटिला, पंकज बांधव, थानेश्वर पाटिला, अनीस खान, ओमप्रकाश साहू, अमित अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## सेवानिवृत्त दो कर्मचारियों को बिदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम में अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले 2 कर्मचारी क्रमशः मोटर प्रतिपालन विभाग में कार्यरत भृत्य रेखालाल साहू तथा स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत सफाई कामगार श्रीमती द्रोपती कृष्णा को नगर निगम में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बिदाई समारोह में भावभीनी बिदाई दी गई।

कार्यक्रम में आयुक्त ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को माला पहनाकर, शाल, श्रीफल से सम्मानित किया तथा अवकाश नगदीकरण का चेक दिया।

बिदाई समारोह में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि निगम परिवार के 2 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिन्हें बिदाई दी जा रही है। स्थानांतरण एवं सेवानिवृत्त सर्विस काल का प्रमुख भाग है। उन्होंने कहा कि रेखालाल एवं द्रोपतीबाई निगम के दो प्रमुख विभाग मोटर एवं स्वास्थ्य जैसे विभाग में समर्पित भाव से काम किए। इनके



समर्पण भाव को नई पीढ़ी को सीखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्विसकाल में चाहे अधिकारी हो या कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन करने के कारण पारिवारिक दायित्वों का निर्वहन नहीं कर पाते। परिवार के किसी भी कार्य को करने में उनके सामने नौकरी आड़े आती है, किन्तु आज आप अपने शासकीय दायित्वों से मुक्त हो रहे हैं, इसलिए अब अपने परिवारिक दायित्वों का बखूबी निर्वहन करें। आयुक्त ने कहा कि आप लोगों ने विभाग में सौंपे गए कार्यों का लंबे समय तक कुशलतापूर्वक निर्वहन किए। बिदाई समारोह में नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## शोभायात्रा का मेमन समाज और मुस्लिम समुदाय ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हनुमान जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा शहर भ्रमण करते गुडाखू लाइन पहुंचने पर मेमन समाज राजनांदगांव एवं मुस्लिम समुदाय द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान श्रद्धालुओं पर गुलाब के फूल अर्पित कर आपसी भाईचारे और सौहार्द्र का संदेश दिया गया।



इस अवसर पर मेमन जमात के हनीफ बीबा मेमन, नादिर बाठी, रईफ अहमद सकील, हाजी तनवीर, जलालुद्दीन, अजर कुरैशी, यूसुफ गोरी, कासिम चौहान, इब्राहिम, मुहम्मद अली गोलवाड़िया, आसिफ हिंगोरा, अमन बीबा, हनीफ मेमन सहित मुस्लिम एवं मेमन समाज के लोग उपस्थित रहे। सभी ने हनुमान जयंती उत्सव समिति के अध्यक्ष का गुलाब फूल देकर स्वागत देते शुभकामनाएं दी।

## पारींखुर्द में कबड्डी प्रतियोगिता आज

**राजनांदगांव।** ग्राम पारींखुर्द में क्रीड़ा भारती राजनांदगाव एवं महाकाल सेवा समिति पारींखुर्द के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कल 4 अप्रैल को किया जा रहा है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 11101, द्वितीय 7101, तृतीय 5101, चतुर्थ 3101 एवं आकर्षक पुरस्कार भी रखा गया है। आयोजन के समापन अवसर पर 5 अप्रैल को रात्रि 10 बजे से रिखी छत्रिय कृत छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृतिक कार्यक्रम लोक रागिनी मडौदा भिलाई का आयोजन रखा गया है। उक्त आयोजन क्रो सफल बनाने आयोजन समिति के संरक्षक बुद्धेश्वर साहू ने ग्रामवासियों को उपस्थिति की अपील की है।

## शोभायात्रा में शामिल हुई नारी शक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री बागेश्वर धाम मंदिर सेविका प्रज्ञा गुप्ता ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा में नारी शक्ति शामिल हुई।

शोभायात्रा में शामिल नारी शक्तियों का श्री हनुमान जयंती आयोजन समिति के झम्मन देवांगन, राजेन्द्र यादव, प्रज्ञा गुप्ता, संगीता शुक्ला, मोना गोसाई, साविता बोस



द्वारा आभार व्यक्त किया गया है। शोभायात्रा में संगीता शुक्ला, मोना गोसाई, ज्योति खंडेलवाल, छंदा साहा, ममता सोनी, स्वीटी शर्मा, साविता बोस, ऋतु रायजादा, बबीता शर्मा, पम्पा सिन्हा, सुशीला देवांगन, अंजू अहिरवार, मीना यादव आदि महिलाएं उपस्थित थी।

## ग्रामीण मंडल का प्रशिक्षण पूरा, शहर का प्रारंभ

- भाजपा की कार्यशाला का आज होगा समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत भाजपा ग्रामीण और शहर मंडल राजनांदगांव की तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। ठेकवा के सचिता लॉन में आयोजित कार्यक्रम के दूसरे दिन शुक्रवार को राजनांदगांव ग्रामीण मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हुई। वहीं दोपहर बाद नांदगांव शहर मंडल की कार्यशाला शुरू हुई। जिसका समापन आज शाम को होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य संगठन को धरातल पर सशक्त बनाना रहा।

पहले दिन तीन सत्र आयोजित हुए। उद्घाटन सत्र को प्रदीप गांधी ने संबोधित किया। दूसरे सत्र में महापौर मधुसूदन यादव और प्रदेश आईटी सेल के संयोजक सुनील पिल्लई ने प्रशिक्षण दिया। पहले दिन के तृतीय और समापन सत्र को वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने प्रशिक्षणार्थीयों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला के दूसरे दिन शुक्रवार को ग्रामीण मंडल की कार्यशाला का समापन हुआ। जिसमें दिनेश गांधी, अभिषेक सिंह एवं योगेश दत्त मिश्रा ने निर्धारित विषयों पर अपनी बात रखी। इसके बाद शहर के उत्तर और दक्षिण मंडल का प्रशिक्षण वर्ग शुरू हुआ। जिसके प्रथम सत्र में क्रमशः पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव एवं सांसद संतोष पांडे ने प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया। आज दो सत्र जिसे विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल एवं वरिष्ठ नेता खुबचंद पारख द्वारा दो सत्र लेने के साथ इस कार्यशाला का समापन हो जाएगा।

कार्यशाला के अंतिम दिन कल शनिवार को भी 4 विषयों पर प्रशिक्षण के साथ कार्यशाला का समापन होगा।



### संगठन की कार्यप्रणाली पर मार्गदर्शन

प्रशिक्षण के दौरान वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पार्टी की विचारधारा के प्रसार, संगठन की कार्यप्रणाली पर मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने इस बात पर विशेष बल दिया कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे। कार्यशाला का शुभारंभ गुरुवार को ध्वजारोहण, मां भारती के सामने दीप प्रज्जवलन और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय के माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यशाला राजनांदगांव के ग्रामीण मंडल पूर्व और पश्चिम के अपेक्षित पदाधिकारियों के साथ शुरू हुई।



### सदन में मरीजों के परिजनों को मिलेगी निःशुल्क ठहरने व भोजन की सुविधा

# भावना बोहरा के हाथों रायपुर में पंडरिया सेवा सदन की शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया विधानसभा से उपचार हेतु गए मरीजों के परिजनों के लिए रायपुर में होगा सर्वसुविधायुक्त आशियाना, विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने पंडरिया सेवा सदन किया जनता को समर्पित किसी भी जनप्रतिनिधि की असली पहचान केवल विकास कार्यो से नहीं, बल्कि उस संवेदनशीलता से होती है। पंडरिया विधानसभा में इसी भावना को साकार करते हुए विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा पंडरिया सेवा सदन की शुरुआत एक ऐसे जनहितकारी प्रयास के रूप में सामने आई है, जो न केवल सुविधा प्रदान करता है, बल्कि मानवीय संवेदना का भी प्रतीक है। पंडरिया विधानसभा से बड़ी संख्या में मरीज बेहतर उपचार के लिए राजधानी रायपुर का रुख करते हैं। लेकिन इस दौरान उनके साथ आने वाले परिजनों को सबसे अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अस्पतालों के आसपास महंगे ठहरने के विकल्प, भोजन की व्यवस्था और दैनिक जरूरतों को पूरा करना, ये सभी समस्याएं पहले से ही परेशान परिवारों के लिए एक अतिरिक्त बोझ बन जाती थीं। ऐसे समय में आर्थिक दबाव के साथ-साथ मानसिक तनाव भी बढ़ जाता है। इन्हीं चुनौतियों को समझते हुए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भावना दीदी की गारंटी में किए अपने संकल्प को दोहराते हुए राजधानी रायपुर के सेक्टर-2 में पंडरिया सेवा सदन जनता को समर्पित किया। यह पहल इस सोच का परिणाम है कि पंडरिया विधानसभा से रायपुर में इलाज के लिए आए किसी भी परिवार को अपने रहने और भोजन की चिंता न करनी पड़े, बल्कि वे पूरी तरह से अपने मरीज के स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित कर सकें। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए अत्यंत ही महत्वपूर्ण और पंडरिया विधानसभा परिवारजनों की सेवा के प्रति अपने संकल्प की एक और कड़ी को पूरा करने का विशेष दिन है। भावना दीदी की गारंटी में हमने जनता की सेवा हेतु यह संकल्प किया था और आज उसे पूर्ण होता देख मेरे लिए गर्व और गौरव का विषय है इसके लिए पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया, यह संकल्प आप सभी के विश्वास, सहयोग और मार्गदर्शन से सिद्धि तक पहुंचा है। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर सेक्टर-2 में स्थित यह सेवा सदन पूर्णतः निःशुल्क सुविधा प्रदान करता है। यह स्थान केवल एक आश्रय स्थल नहीं, बल्कि उन परिवारों के लिए एक भरोसेमंद सहारा है, जो अपने प्रियजनों के उपचार के लिए घर से दूर आते हैं। पंडरिया सेवा सदन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल भौतिक सुविधाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मरीजों के परिजनों को मानसिक शांति और भावनात्मक संबल भी प्रदान करेगा। जब किसी कठिन परिस्थिति में व्यक्ति को सहारा मिलता है, तो वह अपने संघर्ष को अधिक मजबूती से लड़ पाता है। यही इस सेवा सदन का मूल उद्देश्य जनता के साथ हर सुख-दुःख में साथ खड़े रहना, उनके कष्ट को कम करना हैं।



#### जनहित व क्षेत्र के विकास से जुड़े हर कार्य निरन्तर जारी




भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा वासियों की सुविधा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन के लिए किया गया हर संकल्प हमारे लिए सर्वोपरि है। भावना दीदी की गारंटी केवल एक वादा नहीं, बल्कि जनसेवा का अटूट संकल्प है। यह पहल समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों को सहारा देने के साथ-साथ जनकल्याण की भावना को और सशक्त करती है। जनसेवा और विकास इसी लक्ष्य के साथ हम निरन्तर अपने दायित्वों को पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहें हैं और आने वाले समय में जनहित व क्षेत्र के विकास से जुड़े हर कार्य निरन्तर जारी रहेंगे।

# कोलेगांव बिजली सब स्टेशन में श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव स्थित बिजली सब स्टेशन में प्रतिवर्षानुसार के भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान महाराज का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें भक्तजनों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर गांव, घर व परिवार के सुख-शांति-समृद्धि के कामना करते हुए श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया और प्रसाद वितरण किया गया। जिसमें पं प्रशांत शर्मा द्वारा पूजा संपन्न कराया। जिसमें पं प्रशांत शर्मा ने बताया कि तुम रक्षक काहू को डरना अर्थात अगर बजरंगबली हमारे रक्षक है तो हमें किसी से डरने की जरूरत नहीं है। भगवान श्री हनुमान को हम हमेशा संकट की घड़ी में याद करते हैं और अपने सच्चे भक्तों के साथ बजरंगबली हमेशा खड़े भी मिलते हैं, ऐसे बजरंगबली का जन्मोत्सव हम भक्तों के लिए एक बहुत बड़ा पर्व होता है। उन्होने बताया कि श्रीराम भक्त हनुमान को कलयुग का सबसे प्रभावशाली देवता और भगवान शिव का 11वां रूद्र अवतार माना जाता है। इस कार्यक्रम के दौरान बिजली सब स्टेशन के अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीण भक्तजन जिसमें दिलीप कुमार, करन, हेमंत कुमार, अंतेश कुमार, लव कुमार, लखेश्वर, साहेब दास, जलेश्वर, प्रदीप, जितेंद्र, अशोक, सुरेश, पुरुषोत्तम, नरेश, मनोज, धनु, अजीत, सेवक, सुनील, शंकर, हिमेश उपस्थित थें।



#### संगठन सृजन कार्यक्रम बैठक संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल के दिशा निर्देश में आयोजित संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत गुरूवार को बूथ ग्राम कोदवा कला, गोबर्रा, सोमनापुर, प्राणखैरा, पटुवा में महत्वपूर्ण परिचर्चा बैठक आयोजित की गई। जिसमें लगातार संगठन को मजबूत करने के लिए विशेष रूप से प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष द्वारा इतनी कड़ी धूप में दोपहर को तीन-चार पंचायत में जाकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बैठक, मिल-जुलकर, एक साथ-एक राय लेकर बूथ अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष कार्यकारी सदस्य बनाया जाएगा, ताकि कांग्रेस पार्टी गांव स्तर से मजबूत हों सके और आने वाले समय में कांग्रेस सरकार बनाना है, एक मजबूत किला तैयार किया जा रहा है जिस पर गांव के बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ गांव के आम नागरिक का भी आर्शीवाद मिल रहा है और उनका भी कहना है कि आने वाले समय में किसान विरोधी भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है और आने वाले समय में कांग्रेस का सरकार बनाना है। इस कार्यक्रम मे साधेलाल अनंत, भरत साहू, प्रमोद पात्रे, रामवतार सिंगरौल, राधे घृतलहरे, राजेश्वर चंद्राकर, बेदप्रकाश, कलम कोसले, मौजीराम कश्यप व समस्त ग्रामवासी तथा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

# बजट में कैशलेस चिकित्सा को हरी झंडी अप्रैल में लागू करने की तैयारी तेज

- मुख्य स्वास्थ्य सचिव से संघ की दूसरी दौर की चर्चा, नियमों के अंतिम प्रारूप पर मंथन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य के शासकीय कर्मचारियों के लिए लंबे समय से लंबित कैशलेस चिकित्सा सुविधा अब जमीन पर उतरने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। बजट में इस महत्वपूर्ण मांग को स्वीकृति मिलने के बाद अब इसके क्रियान्वयन हेतु नियमों और प्रक्रियाओं की रूपरेखा तैयार की जा रही है। इसी कड़ी में कैशलेस चिकित्सा संघ का प्रतिनिधिमंडल, संघ की प्रदेश अध्यक्ष उषा चंद्राकार के नेतृत्व में मुख्य स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया से मिला। यह बैठक दूसरे चरण की चर्चा के रूप में आयोजित हुई, जिसमें रूक्मणी साहू, कुंदन साहू एवं श्रीमती समीरा राठौर भी शामिल रहीं। बैठक के दौरान कैशलेस चिकित्सा योजना के नियमों, प्रक्रियाओं और क्रियान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्य स्वास्थ्य सचिव ने संकेत दिए कि शासन स्तर पर प्रयास है कि अप्रैल माह के भीतर ही इस योजना को लागू कर दिया जाए, ताकि कर्मचारियों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई व्यवस्था लागू होने तक शासकीय कर्मचारियों को पूर्ववत चिकित्सा प्रतिपूर्ति की सुविधा मिलती रहेगी। मुख्य स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार ऐसी कैशलेस चिकित्सा योजना लाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो न केवल अन्य राज्यों से बेहतर हो, बल्कि देशभर के लिए एक आदर्श मॉडल के रूप में स्थापित हो सके। वहीं संघ की अध्यक्ष उषा चंद्राकार ने इसे कर्मचारियों के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि वर्षों पुरानी मांग को बजट में स्थान मिलना सरकार की सकारात्मक सोच को दर्शाता है। अब इसके नियमों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया भी तेजी से आगे बढ़ रही है। इस बैठक को कर्मचारियों के हित में एक अहम पहल माना जा रहा है, जिससे भविष्य में स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बन सकेंगी। उक्त जानकारी अविनाश कौशिक जिला संयोजक ने दी।



# मुख्य अभियंता ने सड़क निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

## निर्धारित मानकों के अनुरूप समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

- मुख्य अभियंता ने नवापारा-डांगपुर से मोहगट्टा सड़क का निरीक्षण करते हुए सड़क की खुदाई कर गुणवत्ता की जांच की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा।

जिले में सड़क निर्माण और संधारण कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर के मुख्य अभियंता एवं राज्य गुणवत्ता समीक्षक शहरिओम शर्मा ने कवर्धा जिले का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित विभिन्न मार्गो पर चल रहे कार्यो की बारीकी से समीक्षा की गई।

मुख्य अभियंता ने घुघरी-कोटार, घुघरीकला-पिपरिया, मेनरोड से पालीगुड़ा तथा टी-01 रामपुर एमडीआर से कोहडिया मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़कों के संधारण कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए और उपस्थित सहायक एवं उप अभियंताओं को कार्य में तेजी लाने के लिए सख्त हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ग्राम गौरव पथ योजना अंतर्गत पालीगुड़ा में सीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया गया। यहां कोर कटिंग सैंपल लेकर गुणवत्ता परीक्षण किया गया। साथ ही निर्माण स्थल पर सूचना बोर्ड निर्धारित मानकों के अनुरूप लगाने के निर्देश दिए गए। मुख्य अभियंता ने नवापारा डांगपुर से मोहगट्टा सड़क का निरीक्षण करते हुए सड़क की खुदाई कर गुणवत्ता की जांच की, जिसमें कार्य संतोषजनक पाया गया। कुछ स्थानों पर संधारण कार्य में देरी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए।

मुख्य अभियंता ने निर्देशित किया कि जिन सड़कों का संधारण निर्धारित समय में नहीं होगा, उनकी अवधि छह माह तक बढ़ाई जाएगी, लेकिन गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारियों को प्रगतिरत कार्यों की सतत मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता सुरेन्द्र पटेल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थें।



#### आदर्श परिवार के स्वर्णिम सूत्र पर संगोष्ठी, मां गायत्री मंदिर में 05 अप्रैल को होगा आयोजन




**हरिभूमि कवर्धा।** आदर्श पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने एवं समाज में सकारात्मक वातावरण निर्माण के उद्देश्य से आदर्श परिवार के स्वर्णिम सूत्र विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन आगामी 5 अप्रैल रविवार को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम मां गायत्री शक्ति पीठ कवर्धा में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। आयोजकों के अनुसार इस संगोष्ठी में परिवार व्यवस्था के महत्व, पारिवारिक समरसता एवं समाज निर्माण में परिवार की भूमिका पर विस्तार से परिचर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में सभी भाई-बहनों एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर लाभ लेने की अपील की गई है। आयोजकों ने बताया कि भारत की पारिवारिक व्यवस्था विश्व में सम्मानित रही है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था कमजोर होती जा रही है। ऐसे में आदर्श परिवार के निर्माण हेतु आवश्यक सूत्रों को समझना और अपनाना समय की आवश्यकता है। संगोष्ठी में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी शामिल होंगे। जो अपने आर्शीवचन से कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

### प्रदेश सहप्रभारी विजय जांगिड़ ने संगठन की एकता पर दिया जोर

# जिला कांग्रेस कमेटी का विस्तारित बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कार्यकारिणी का विस्तारित बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सह सचिव व छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़ की उपस्थिति में बैठक सम्पन्न हुआ, जिला कार्यकारिणी को सम्बोधित करते हुए प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने कहा कि हिम्मत, समर्पण और एकजुटता ही किसी भी मजबूत संगठन की असली पहचान होती है। इन्हीं भावनाओं को लेकर कांग्रेस संगठन गांव-गांव और बूथ-बूथ तक अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। जहां शुक्रवार को कांग्रेस भवन में प्रदेश सह प्रभारी व राष्ट्रीय सचिव विजय जांगिड़ द्वारा जिला कांग्रेस कार्यकारिणी, सभी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक ली गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन सृजन अभियान के तहत संगठन को बूथ एवं ग्राम पंचायत स्तर तक सशक्त और सक्रिय बनाना रहा। बैठक के प्रारंभ में जिला अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने प्रभारी विजय जांगिड़ का आत्मीय स्वागत करते हुए जिले में चल रहे संगठनात्मक कार्यो की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिले के सभी ब्लॉक एवं मंडलों में संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत बूथ अध्यक्ष एवं पंचायत अध्यक्षों की नियुक्ति का कार्य तेजी से जारी है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे स्वयं लगातार सभी ब्लॉक अध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों, सक्रिय कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं से संपर्क में रहकर कार्यो की समीक्षा कर रहे हैं तथा उन्हें गति प्रदान करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दे रहे हैं साथ ही सभी मंडल एवं ब्लॉक में दौरा एवं बैठक कर संगठन सृजन को मजबूती दे रहे हैं। इसी सतत समन्वय और सक्रिय संवाद का परिणाम है कि कुण्डा एवं बोड़ला ब्लॉक में 70 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष ब्लॉकों में भी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी विजय जांगिड़ ने संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। यदि कार्यकर्ता निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करें, तो कोई भी लक्ष्य कठिन नहीं होता। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने-अपने बूथ और गांव स्तर पर सक्रिय रहें, आम जनता से जुड़े रहें और उनकी समस्याओं को समझते हुए संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाएं। उन्होंने यह भी कहा कि निष्ठावान कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं। ऐसे कार्यकर्ताओं को हमेशा आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। इसलिए सभी को मिलजुलकर, बिना किसी भेदभाव के, एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। साथ ही बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए सबसे जरूरी है निरंतर सक्रियता और अनुशासन। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता यदि रोज थोड़ा-थोड़ा भी काम करें, तो बड़ा बदलाव आसानी से लाया जा सकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हर बूथ पर मजबूत टीम खड़ी करना ही हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के संयुक्त प्रयास से संगठन निश्चित ही नई मजबूती और ऊंचाई हासिल करेगा। बैठक में कांग्रेस के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।




# किसानों को चना बेचने की जानकारी नहीं, मंडी शुरू होने का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के अंतर्गत आने वाले धान खरीदी केंद्र कोलेगांव सहित बसनी, घोरपेंड्री, सूरजपुरा, खैलटूकरी और रेहुटा के किसानों को इस वर्ष चना बेचने की प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। किसान यह जानने के लिए एक-दूसरे से पूछताछ कर रहे हैं कि चना किस केंद्र में बेचना है और खरीदी कब से प्रारंभ होगी। शासन द्वारा इस बार धान खरीदी केंद्रों में चना खरीदी की शुरुआत किए जाने की बात कही गई है, लेकिन जमीनी स्तर पर इसकी जानकारी किसानों तक नहीं पहुंच पाई है। स्थिति यह है कि कई किसानों को यह भी पता नहीं है कि उनका पंजीयन हुआ है या नहीं और यदि हुआ है तो कितने रकबे (एकड़) का पंजीयन दर्ज किया गया है। इस संबंध में समाज सेवक दिनेश पाण्डेय ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जानकारी उपलब्ध कराई जाए। इसमें यह स्पष्ट किया जाए कि किस खरीदी केंद्र में चना बेचा जाएगा, खरीदी की प्रारंभ तिथि क्या होगी व किन किसानों का पंजीयन हुआ है और कितना रकबा दर्ज है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है जब किसान सरकारी मंडी में चना बेच पाएंगे, इसलिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। सही जानकारी के अभाव में किसान अपना उत्पाद औने-पौने दाम पर बेचने को मजबूर हो सकते हैं, जिससे उन्हें सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य का लाभ नहीं मिल पाएगा। इसलिए आवश्यक है कि शासन-प्रशासन गांव स्तर पर जानकारी पहुंचाकर किसानों को जागरूक करे, ताकि वे अपनी उपज उचित मूल्य पर बेच सकें और सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठा सकें।



# क्षेत्र के ग्रामीण किसान चना व गेहूं फसल की कटाई में जुटे



**हरिभूमि बरबसपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों कृषि कार्य जोरों पर है। क्षेत्र में धान कटाई के बाद बोई गई रबि फसल चना और गेहूं फसल की कटाई कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। ग्रामीण किसानों से मिली जानकारी के अनुसार रबि फसल कटाई के बाद किसान फसल को ट्रैक्टर-थ्रेशर मशीन के माध्यम से मिंजाई कार्य में जुटे हुए है। यहां बताना लाजिमी होगा कि अचानक मौसम में आए उतार-चढ़ाव ने किसानों की चिंता बढ़ गई है। शुक्रवार को शहर सहित क्षेत्र में हल्की तेज बारिश से रबि फसल खराब होने का आशंका बनी हुई है। वहीं किसानों को डर बना हुआ है कि कहीं उनकी मेहनत पर पानी न फिर जाए और फसल हाथ से न निकल जाए।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### अभ्युदय स्कूल में मनाया गया हनुमत जन्मोत्सव



**कवर्धा।** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कृतसंकल्पित शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अभ्युदय स्कूल, कवर्धा में 02 अप्रैल, 2026 को हनुमान जन्मोत्सव का पर्व अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर भक्ति रस में सराबोर नजर आया, जहां चारों ओर जय श्री राम और बजरंगबली की जय के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस पावन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू, अकादमिक प्रमुख श्रीमती व्ही. शोभा, समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा-अर्चना से हुई, जिसके पश्चात हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पूरे श्रद्धा भाव से चालीसा का पाठ कर आध्यात्मिक वातावरण का निर्माण किया। इसके बाद मंत्रोच्चारण एवं भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने मिलकर भगवान हनुमान की आराधना की। विद्यालय को आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया था, जिससे पूरा परिसर एक धार्मिक एवं उत्सवमय वातावरण में परिवर्तित हो गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। अभ्युदय स्कूल, कवर्धा में मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव न केवल एक धार्मिक आयोजन रहा, बल्कि विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा, संस्कार और आध्यात्मिक जागरूकता का एक सशक्त माध्यम भी सिद्ध हुआ।

### जयंती मनाने सेन समाज की बैठक आयोजित



**स.लोहारा।** विकासखण्ड स. लोहारा सर्व सेन नाई समाज की बैठक आयोजित की गई। जिसमें संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती मनाने के संबंध में हर्ष उल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। ब्लॉक अध्यक्ष डाकेश्वर श्रीवास ने बताया कि संत शिरोमणि सेन जी महाराज की 669 वीं इस वर्ष 14 अप्रैल दिन मंगलवार पक्ष वैशाख कृष्ण द्वादशी को पड़ रहा है। उनका जन्म विक्रम संवत 1357 वैसाखा कृष्ण द्वादशी को हुआ था। उहोने बताया कि भगवान संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल दिन मंगलवार सुबह 9.00 बजे पूजा अर्चना की जाएगी। 16 अप्रैल दिन गुरुवार सेलुन प्रतिष्ठान दुकान गवाई या अन्य कार्य बंद करके सुबह 11.00 बजे से भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जिसमें सभी लोग शामिल होकर भगवान संत शिरोमणि सेन जी महाराज की जयंती त्यौहार की तरह मनाएंगे। बैठक में जिला अध्यक्ष मनहरण श्रीवास, ब्लॉक अध्यक्ष डाकेश्वर श्रीवास, संरक्षक रामजी श्रीवास, खिलावन श्रीवास, ब्लॉक सेलुन संघ अध्यक्ष गणेश श्रीवास, संयोजक रामावतार श्रीवास, नगर सेलुन संघ अध्यक्ष मनोज श्रीवास, प्रताप सेन, मीडिया प्रभारी मेघराज श्रीवास, महामंत्री रामकुमार श्रीवास, संयोजक रामावतार सेन, सेक्टर अध्यक्ष संतोष सेन, राजू श्रीवास, कामता श्रीवास, दुलारी श्रीवास, किशुन श्रीवास, सेक्टर प्रभारी दुर्गेश श्रीवास, सेक्टर प्रभारी घनश्याम श्रीवास, विनायक श्रीवास, घनश्याम श्रीवास, रोशन सेन, अनिल सेन, प्रेम श्रीवास, चंद्रेश श्रीवास, उमेश श्रीवास आदि उपस्थित थे।

### टीचर्स एसोसिएशन की प्रांतीय आमसभा पांच को

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रांतीय आमसभा का आयोजन पांच अप्रैल को प्रातः 11 बजे से विमतारा भवन शांति नगर रायपुर में आयोजित है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि महासभा में प्रांतीय, जिला व ब्लॉक पदाधिकारी शामिल होंगे। इसमें शिक्षकों के मुख्य मुद्दे पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन, क्रमोन्नति, पूर्ण पेंशन, टीईटी, पदोन्नति, डीएड व बीएड प्रशिक्षण आदि विषय पर तर्क आधारित चिंतन कर रणनीति बनाया जाएगा। उन्होंने एसोसिएशन के समस्त जिला व ब्लॉक पदाधिकारियों से आमसभा में उपस्थिति का आव्हान किया है।

### स्काउट गाइड ने लोगों को किया जागरूक



**कवर्धा।** जिला संघ स्काउट गाइड द्वारा स्वदेशी मेला के अंतिम दिवस पीजी कॉलेज मैदान में यातायात जागरूकता का आयोजन जिला उपाध्यक्ष पीयूष ठाकुर, मधु तिवारी के आतिथ्य में किया गया। जिसमे स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर, स्काउटर गाइडर शामिल हुए। लोगो को यातायात नियम के प्रति जागरूक के लिए रोवर रेंजर, स्काउट गाइड ने यातायात के नियमों का पालन करें, कृपया बायें चलें, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग ना करें, नशे की हालत में वाहन ना चलायें, हेलमेट का उपयोग करें, रफ्तार की मजा मौत की सजा, शराब पीकर वाहन न चलायें आदि बैनर, पोस्टर एवं स्वदेशी मेला स्थल में ही रैली निकल कर प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त अजय चंद्रवंशी, जिला सचिव नीलम यदु, जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत कुमार गुप्ता, संजू मिश्रा, रोवर लीडर विजय कुमार साहू, मनोज मिश्रा, ओमप्रकाश दिवाकर, स्काउट मास्टर प्रियप्रकाश साहू, कब मास्टर संजय घावड़े, भोरमदेव ओपन रोवर क्रू कवर्धा, सजेस हिंदी मीडियम कवर्धा, मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम कवर्धा, अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा, विवेकानंद हाई स्कूल कवर्धा, शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर के स्काउट गाइड, रोवर-रेंजर शामिल थे।

### स्वदेशी मेला में अद्विका ने मचाई धूम



**कवर्धा।** सरस मेला के बाद स्वदेशी मेला में भी अद्विका ने अपनी गायकी से खूब धूम मचाई। पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित स्वदेशी मेला के 6 वें दिवस इस बालिका ने अपनी अनूठी प्रस्तुति दी। श्रोताओं के बीच सुरीली तान छेड़ते हुए इस नन्हीं गायिका ने माहौल बना दिया। लोकप्रिय गीत बोल ना हल्के हल्के गीत की मधुर प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। इसके अलावा मेला के अंतिम दिवस अद्विका रावत ने अपने पापा के साथ दिल को छू लेने वाले गीत पर युगल प्रस्तुति दी। पिता और पुत्री के बीच भावनात्मक संबंध पर आधारित गीत को इस बालिका ने बहुत ही खूबसूरती से निभाया। इस गायन प्रस्तुति की सबने सराहना की। गीत के बोल चंदा ने पूछा तारों से गाने में पुत्री की अपने पिता के प्रति निस्वार्थ प्रेम के भाव को इस नन्हीं बालिका ने अपनी लयबद्ध प्रस्तुति से जान डाल दिया। हाल ही में कई प्रस्तुति दे चुकी अद्विका निरंतर प्रयासों से अपने सपनों को पूरा करने की चाह रखती हैं। श्री राम कृष्ण पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाली अद्विका को सुनने वाले और शुभचिंतकों के बीच अच्छी सराहना मिल रही है।

**एक्शन:** कवर्धा वनमंडल और भोरमदेव अभ्यारण्य अमले की कार्रवाई

# अवैध रुप से लकड़ी का परिवहन कर रहे ट्रैक्टर जब्त, कई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कवर्धा वनमंडल द्वारा वन्यजीव एवं वन संपदा के संरक्षण हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में भोरमदेव अभयारण्य चिल्फी रेंज एवं कवर्धा वन परिक्षेत्र के संयुक्त प्रयासों से अवैध लकड़ी परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध दो महत्वपूर्ण कार्रवाइयां की गई हैं। इस संबंध में वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार भोरमदेव अभयारण्य के चिल्फी परिक्षेत्र में गत 1 अप्रैल की रात्रि मुखबिर से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। बताया जाता है कि यहां कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा रात्रि के अंधेरे का लाभ उठाकर वन क्षेत्र से कीमती लकड़ी का अवैध परिवहन किया जा रहा था। सूचना की गंभीरता को देखते हुए वनमण्डलाधिकारी के निर्देशन एवं अधीक्षक भोरमदेव के मार्गदर्शन में रेंजर चिल्फी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर संदिग्ध मार्ग पर घेराबंदी की गई। तलाशी के दौरान टीम ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोका, जिसमें भारी मात्रा में लकड़ी लदी हुई थी। वाहन चालक एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर वन विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की धारा 41, 42 (शास्ति), 52, 55 एवं छत्तीसगढ़ वनोपज (अभिवहन) नियम, 2001 के नियम 3, 16, 20, 22 के तहत कार्यवाही की गई। इस संबंध में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 21694/2 दिनांक 01.04.2026 दर्ज कर लकड़ी सहित ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर चिल्फी रेंज परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

**विभाग की जांच टीम ने ढाबों में दी दबिश**



वन्यजीव संरक्षण एवं अवैध कटाई पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से भोरमदेव अभयारण्य चिल्फी एवं कवर्धा वन परिक्षेत्र के संयुक्त स्टाफ द्वारा धवाईपानी क्षेत्र में संचालित होटलों एवं ढाबों पर आकस्मिक दबिश दी गई। सघन जांच के दौरान विभाग ने मुकेश ढाबा धवाईपानी से 02 चट्टा जलाऊ लकड़ी, सरदारजी ढाबा धवाईपानी से 03 चट्टा जलाऊ लकड़ी जब्त की है। दोनों मामलों में संबंधित व्यक्तियों द्वारा कोई वैध अनुमति या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जा सके। जिसके चलते आरोपियों के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 21614/17 एवं 21614/18 पंजीबद्ध कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

**वन विभाग की अपील**

वन विभाग आमजन से अपील करता है कि वे वन संपदा के संरक्षण में सक्रिय सहयोग करें तथा किसी भी प्रकार की अवैध कटाई, परिवहन या भंडारण की सूचना तत्काल विभाग को दें। दोषियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### बालक से अनाचार महिला गिरफ्तार

**कवर्धा।** महिला के विरुद्ध नाबालिग बालक के साथ अनाचार किए जाने का अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही की गई है। थाना कोतवाली कबीरधाम में अपराध क्रमांक 123/2026 धारा 04 पोक्सो अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई है। इस संबंध में कवर्धा कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अनुसार सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक महिला से उसका परिचय हुआ, जिसके पश्चात बातचीत एवं मुलाकात का क्रम प्रारंभ हुआ एवं दोस्ती हुई। बाद में 1 मार्च 2026 को आरोपी महिला द्वारा नाबालिग को भोरमदेव रोड स्थित भुनेश्वर होटल बुलाया गया, जहां उसे भावनात्मक दबाव एवं मानसिक प्रलोभन में देकर उसके साथ अनाचार की घटना को अंजाम दिया गया। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### मार्कफेड की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक में धान के निपटान एवं उठाव में तेजी के निर्देश



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा आज नवा रायपुर स्थित न्यू सर्किट हाउस में जिला विपणन अधिकारियों की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के विपणन अधिकारी उपस्थित रहे, जहां धान खरीदी, भंडारण एवं उठाव से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में वर्ष 2024-25 के धान निराकरण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते प्राधिकृत अधिकारी शशिकांत द्विवेदी ने शेष धान के शीघ्र निराकरण के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए।

प्राधिकृत अधिकारी मार्कफेड में संग्रहण केंद्रों से धान उठाव के लिए जारी टीओ तथा वर्ष 2025-26 के लिए जारी डीओ के विरुद्ध वास्तविक उठाव की जिलेवार प्रगति का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने 30 मार्च 2026 की स्थिति में उपार्जन केंद्रों में उपलब्ध शेष धान की जानकारी लेते उसके सुरक्षित संधारण एवं त्वरित उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके अलावा जिलों में अनुपयोगी बारदानों के प्रबंधन तथा स्वयं के एवं किराये के गोदामों से संबंधित लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर भी विशेष जोर दिया।

**गहन समीक्षा**

बैठक में पिछली समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की भी गहन समीक्षा की गई। प्राधिकृत अधिकारी ने स्पष्ट किया कि धान खरीदी एवं उठाव की प्रक्रिया में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है और सभी अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करनी होगी। इस अवसर पर मार्कफेड मुख्यालय के अपर प्रबंध संचालक, मुख्य लेखाधिकारी सह वित्तीय नियंत्रक, समस्त महाप्रबंधक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



### नगर में हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य आयोजन श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

नगर में हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर इस वर्ष भी भव्य एवं आकर्षक आयोजन देखने को मिला। इस अवसर पर नागपुर की प्रसिद्ध मां महामाया झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। कार्यक्रम की शुरुआत राम जानकी मंदिर, बोड़ला से हुई, जहां से भव्य झांकी का नगर भ्रमण निकाला गया। झांकी में भगवान हनुमान, राम-जानकी तथा विभिन्न धार्मिक प्रसंगों की मनमोहक झलकियां प्रस्तुत की गईं, जिसने पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय बना दिया। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके पश्चात भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। इस सफल आयोजन में हनुमान जन्मोत्सव समिति के सदस्यों एवं नगरवासियों का सराहनीय सहयोग रहा। उनकी मेहनत और समर्पण से पूरा कार्यक्रम भव्य, सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### डॉक्टरों से मारपीट करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए



**पंडरिया।** मध्य रात्रि थाना पंडरिया क्षेत्र के शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंडरिया में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जमकर उत्पात मचाने का मामला सामने आया है। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ आरोपियों ने अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और मारपीट की। सूचना मिलते ही थाना पंडरिया पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई करते हुए स्थिति को नियंत्रित कर अस्पताल परिसर में शांति व्यवस्था बहाल की। पंडरिया पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामले की जांच में सामने आया कि दिनेश जोगी, कमल पाटले, देवकुमार टंडन और जितेंद्र बंजारे ने शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए डॉक्टरों व स्टाफ के साथ दुर्व्यवहार किया, मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने सभी आरोपियों को मौके से हिरासत में लेकर थाना लाया गया। उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया। मामला अजमानतीय होने के कारण आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार,आरोपी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने और चिकित्सा कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### पीएम श्री पोंडी में पूर्व छात्र मिलन समारोह में ताजा हुईं यादें



**पोंड़ी।** पीएम श्री सेजस पोड़ी विद्यालय में पूर्व छात्र मिलन (एलुमनी मीट) का आयोजन किया गया, जिसमें पुराने छात्रों और शिक्षकों ने एक साथ मिलकर पुरानी यादों को ताजा किया। कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से मां सरस्वती के पूजन के साथ हुई। जिसके बाद कार्यक्रम में पूर्व छात्र व शाला विकास समिति के अध्यक्ष वेद साहू ने अपने स्कूल समय कि पुरानी यादें ताजा कि गई। कार्यक्रम में प्राचार्य संजय कुमार गुप्ता, मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष वेद साहू, डॉ. टी.एस. अवस्थी, शिक्षक भागीरथी पात्रे, संतोष वर्मा, टूमन कोसले, एल. वर्मा, रामफल चंद्रवंशी समेत अन्य गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अवस्थी सर, पारिक सर, एस.के. प्रजापति, कोठारी, एसएन वर्मा, क्षिप्रा पांडे मैम, अद्वितीय केसरवानी, खटकर मैम, धुरी मैम, एल.एन. चंद्राकर, आसिफ सर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के अनेक पूर्व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जिनमें अश्वनी वर्मा, शंख साहू, सतीश नट, अनिल चंद्रवंशी, भूपेन्द्र, अंजली, कोसरे, सोमनाथ वर्मा,देवदत्त सहित कई अन्य पूर्व छात्र शामिल रहे। इस दौरान पूर्व छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही स्वस्थ आहार, स्वस्थ जीवन विषय पर भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

**संयुक्त वन प्रबंधन समिति ने की वर्ष 2025-26 के कार्यों की समीक्षा, दी गई जानकारी**

## वन स्थायी समिति की बैठक आयोजित, कई एजेंडे पर की गई विस्तृत चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा।

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कवर्धा वनमंडल द्वारा गत दिनो वनमंडल कार्यालय, कवर्धा के सभाकक्ष में वन स्थायी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के प्रमुख एजेण्डों में संयुक्त वन प्रबंधन समिति के कार्य, वर्ष 2025-26 के कार्यों की समीक्षा, राजसात वाहनों की स्थिति तथा चक्रीय निधि की राशि पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कीर्तिवर्धन द्वारा पावर पॉइंट प्रस्तुति के माध्यम से इन सभी बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि संयुक्त वन प्रबंधन समितियों में उपलब्ध राशि का उपयोग 60 प्रतिशत राशि आय एवं रोजगार मूलक कार्यों मछली पालन, बकरी/मुर्गी पालन, मधुमक्खी पालन, बांस शिल्प, ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण आदि में, 20 प्रतिशत राशि सिंचाई विकास (स्टॉप डैम मरम्मत, नहर/नाली सफाई, तालाब निर्माण) में, 10 प्रतिशत राशि अधोसंरचना विकास रपट/पुलिया, मंच, सामुदायिक भवन, बाउंड्रीवाल, सोलर लाइट आदि में, 10 प्रतिशत राशि पेयजल व्यवस्था बोर खनन, हैंडपंप, नल-जल योजना में व्यय की जाती है। उन्होने बताया कि वर्ष 2025-26 के दौरान इस राशि का उपयोग विभिन्न परिक्षेत्रों में रोजगार, सिंचाई एवं अधोसंरचना संबंधी कार्यों में किया गया है। कवर्धा वनमंडल के अंतर्गत विभिन्न उप वनमंडलों में लगभग 8 राजसात वाहन उपलब्ध हैं, जिनके



नियमानुसार निर्वर्तन की कार्यवाही की जा रही है। चक्रीय निधि के अंतर्गत हितग्राहियों एवं समितियों को विभिन्न प्रकार के ऋण वाहन ऋण, गल्ला खरीद, मड हाउस, समूह ऋण बकरी पालन, एसएचजी आधारित आजीविका आदि प्रदान किए जाते हैं। इन ऋणों पर 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर से 5 वर्षों की अवधि में मासिक किस्त (ईएमआई) के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था है। वनमंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल द्वारा समिति के सभापति एवं सभी सदस्यों से इस योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता बढ़ाने का अनुरोध किया गया, ताकि अधिक से अधिक हितग्राही इसका लाभ उठा सकें। बैठक में समिति के सभापति राजकुमार मेरावी एवं लोकचंद साहू द्वारा चक्रीय निधि के अंतर्गत वितरित ऋणों की समय पर वसूली सुनिश्चित करने हेतु संबंधित ऋणधारियों को नोटिस जारी करने एवं शेष राशि शीघ्र जमा कराने का सुझाव दिया गया, जिससे अन्य हितग्राहियों को भी लाभ मिल सके। साथ ही सरोधा जलाशय क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु श्रमिकों की नियुक्ति, अवैध गतिविधियों की रोकथाम एवं अतिक्रमणकारियों को तत्काल बेदखल करने के निर्देश दिए गए। वनों को अग्नि से सुरक्षित रखने हेतु सभी स्तरों पर समन्वित प्रयास करने पर सहमति बनी। इसके अतिरिक्त किसान वृक्ष मित्र योजना के अंतर्गत अधिकाधिक पौधारोपण करने तथा वन क्षेत्रों के समीप रहने वाले ग्रामीणों से पशु चराई हेतु वन क्षेत्र में प्रवेश न करने की अपील की गई। बैठक में मुख्य रूप से राजकुमार मेरावी सभापति, वन स्थायी समिति, लोकचंद साहू जिला पंचायत सदस्य, रूप सिंह धुर्वे जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, महेन्द्र धृतलहरे जिला अध्यक्ष, अनुसूचित जाति मोर्चा, श्रीमती राजेश्वरी धृतलहरे जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती ललिता रूप सिंह धुर्वे जिला पंचायत सदस्य, निखिल अग्रवाल वनमंडलाधिकारी कवर्धा आदि उपस्थित थे ।